दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 222 जयपुर, शनिवार, 22 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



जयपुर बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 22 जुलाई, 2023

## जरूरी खबर

### सिलेंडर सब्सिडी योजना, खाते में आएगी राशि



**जयपुर।** इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के राज्य स्तरीय लाभार्थी उत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से बैठक ली। शर्मा ने संबंधित निर्देश दिए कि लाभार्थी उत्सव के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। खाद्य विभाग के एसीएस अभय कुमार ने बताया कि 25 जुलाई को इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत लाभार्थियों को अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। राज्य स्तरीय आयोजन सीएमआर पर और जिला स्तरीय लाभार्थी उत्सव का आयोजन सभी जिला मुख्यालयों और 16 नवघोषित जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाना हैं। जहां से सीएम अशोक गहलोत राशि ट्रांसफर करेंगे।

### बिल्डिंग से कूद कर महिला ने दी जान

**जयपुर।** गणपति प्लाजा के सामने मोती लाल अटल रोड पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे चार मंजिला बिल्डिंग की छत से कूद कर महिला ने जान दे दी। सूचना पर विधायकपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला की पहचान के लिए आसपास के लोगों से जानकारी ली, लेकिन पता नहीं लग पाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। मृतका की पहचान के लिए कमिश्नरेट सहित जयपुर ग्रामीण के थानों में भी सूचना दी है।

### गोडावण के संरक्षण में सहयोग देगी पुलिस



**जयपुर।** डीजीपी पुलिस उमेश मिश्रा ने राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए इसके संरक्षण में पुलिस के सहयोग के लिए आश्वस्त किया है। मिश्रा से शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय मरु उद्यान संघर्ष एवं विकास समिति के अध्यक्ष जुगत सिंह सोढा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्हें गोडावण यानी "ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' का चित्र भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में संस्था के उपाध्यक्ष दलपत सिंह सत्तो, वन्य जीव प्रेमी निरंजन कुमार मीणा और गिरिराज सिंह रावलोत शामिल रहे।

**कांग्रेस का मिशन रिपीट अभियान:** विधानसभा चुनावों को लेकर लिया फीडबैक, जीतने की रणनीति पर मंथन

# पिछले चुनावों में जहां हारे, उन सीटों पर पार्टी का फोकस

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश कांग्रेस ने राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों में फिर से सरकार बनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सचिव व सह प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ और अमृता धवन ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बैठक में फीडबैक लिया और चुनाव जीतने की रणनीति पर मंथन किया। वहीं पार्टी में टिकट वितरण को लेकर रंधावा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से कोई पैराशूट उम्मीदवार नहीं आएगा।

पार्टी नेताओं से सहमति के बाद ही नाम तय किए जाएंगे। उन उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जाएगा जो जीतने की क्षमता रखते हैं और जिनका नाम पार्टी सर्वेक्षण के तहत आता है। कोई भी व्यक्ति विशेष की पूजा नहीं करे। पार्टी के लिए काम करेंगे तो सबको सम्मान मिलेगा।

रंधावा ने कहा कि कांग्रेस के संगठन एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सोशल मीडिया सेल आदि को पार्टी में तवज्जो कम मिलती है, अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सोशल मीडिया विभाग वर्तमान के समय मे पार्टी का बड़ा मजबूत स्तम्भ है। आप लोगों से अपील है कि व्यक्ति विशेष की पूजा में नहीं पड़कर पार्टी के लिए काम करें।

### कांग्रेस वॉर रूम में हुई इस बैठक

कांग्रेस वॉर रूम में शनिवार को हुई बैठक में पाली, सिरोही, नागौर जिला कांग्रेस कमेटियों के प्रमुख नेता और पदाधिकारियों मौजूद रहे। यह बैठक आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में ऐसे में जिले और विधानसभा क्षेत्रों को चर्चा में शामिल किया गया, जहां गत चुनावों में कांग्रेस चुनाव हार गई थी। उन सीटों को फतेह करने पर कांग्रेस का फोकस रहा। बैठक में पाली, सिरोही, नागौर जिलों में ऐसी सीट जहां से कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, उनको लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आगामी कार्यक्रम, विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दों पर मंथन किया गया। वहीं कांग्रेस ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए सदस्यता अभियान भी शुरू किया।

### 10 उपाध्यक्षों और 40 महासचिवों को जिम्मेदारी मिली

डोटासरा ने नवनियुक्त पीसीसी उपाध्यक्षों और महासचिवों को जिम्मेदारी बांट दी है। शुक्रवार को संभाग और जिलेवार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसमें 10 उपाध्यक्षों को और 40 महासचिवों को जिम्मेदारी दी गई है।

### 'मेरा बूथ मेरा अभिमान' की शुरुआत

कांग्रेस का "मेरा बूथ मेरा अभिमान' अभियान कार्यक्रम जलमहल क्षेत्र से शुरू हुआ। इसमें रंधावा और पीसीसी चीफ डोटासरा, सह प्रभारी अमृता धवन, मंत्री महेश जोशी और विधायक अमीन कागजी मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने बूथ कार्यकर्ताओं के रजिस्ट्रेशन काउंटर का जायजा लिया।

**विधानसभा की कार्यवाही:** चार विधेयक पारित, चार किए पेश

# मणिपुर घटना: कांग्रेस MLA ने सदन में लहराए पोस्टर

■ भ्रष्टाचार, संसदीय परंपराओं के उल्लघंन को लेकर भाजपा ने किया बहिर्गमन



बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में शुक्रवार को सरकार ने चार विधेयक पारित करवाए व चार नए विधेयकों को सदन में पेश भी किया। शून्यकाल के दौरान भाजपा ने भ्रष्टाचार के मामले में सरकार को घेरने का प्रयास किया। वहीं विधेयकों पर चली चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी होती दिखाई दी। विधायी कार्यों के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मणिपुर घटना को लेकर वैल में आकर नारेबाजी की और केन्द्र व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लिख कर कागज लहराए।

विधानसभा में सोमवार तक का कामकाज तय कर लिया गया है। सोमवार को एक बार फिर से कार्य सलाहकार सीमिति की बैठक होगी। भाजपा के विधायकों ने राज्य सरकार की 'अन्नपूर्णा भोजन पैकेट' योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और सदन से बहिर्गमन कर गए। शून्यकाल के दौरान प्रतिपक्ष के उपनेता सतीश पूनियां ने स्थगन प्रस्ताव के तहत यह मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि बीते साढ़े चार साल में राजस्थान में भ्रष्टाचार संस्थागत हो गया है और अन्नपूर्णा भोजन पैकेट योजना इसका एक और उदाहरण है।

उन्होंने आरोप लगाया, अन्नपूर्णा भोजन पैकेट मतदाताओं को लुभाने की योजना है, यह अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। इसके बाद भाजपा विधायक खड़े होकर नारेबाजी करने लगे और बाद में बहिर्गमन कर गए।

#### ध्वनिमत से पारित हुए ये विधेयक

विधान सभा में राजस्थान सिनेमा (विनियमन) (संशोधन) विधेयक-2023 को ध्वनिमत से पारित किया गया। संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने विधेयक को विचारार्थ सदन में प्रस्तुत किया। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को पारित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 10 अगस्त, 2020 को ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत एक पत्र लिखकर कानून की समीक्षा करते हुए इसमें गैर-अपराधीकरण के प्रावधान समाहित करने के निर्देश प्रदान किए थे। इसकी अनुपालना में राजस्थान सिनेमा (विनियमन) अधिनियम-1952 को संशोधित करते हुए राजस्थान सिनेमा (विनियमन) (संशोधन) विधेयक-2023 विधेयक लाया गया है। इसके साथ राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 को भी ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### न्यूनतम आय गारंटी पर दावे कर रही सरकार

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने हर विधेयक पर सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना पर सवाल उठाए। राठौड़ ने कहा सरकार की योजना धरातल से दूर है। अब तक सरकार चिरंजीवी योजना में महिलाओं को मोबाइल नहीं दे पाई। सरकार ने चुनाव को देखते हुए मोबाइल तैयार करवाए हैं। जिससे मोबाइल खोलते ही मुख्यमंत्री की तस्वीर दिखाई दे। राठौड़ ने बिना पूर्व सूचना के शुक्रवार को तीन नए विधेयक रखने पर भी आपत्ति जताई। मामले में भाजपा के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन भी किया।

**जनसम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट**

# निवाई की सोनिया ने जीता प्रथम पुरस्कार

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में जनसम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के आयोजन से सभी महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन सोशल मीडिया पर रचनात्मक वीडियो के माध्यम से पहुंचा रहे हैं। इस पहल से विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों के प्रदेशवासी जागरूक हो रहे हैं। मंगलवार, 18 जुलाई को जारी हुए परिणाम में निवाई, टोंक की 23 वर्षीय सोनिया शर्मा ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख जीते। उन्होंने राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित वीडियो बनाया।

दूसरे स्थान पर बांदीकुई दौसा की 28 वर्षीय भावना शर्मा रहीं। उन्होंने 50 हजार रुपए की ईनाम राशि प्राप्त की। इसी प्रकार बीदासर, चुरू के 20 वर्षीय सांवरमल ने 25 हजार की ईनाम राशि जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की जानकारी का वीडियो बनाया। साथ ही 100 प्रदेश वासियों को 1000 रुपए का प्रेरणा पुरस्कार भी मिला। राज्य सरकार के इस नवाचार से प्रदेशवासियों को जनसम्मान के साथ नई योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है।

### प्रधानमंत्री 70 हजार नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को रोजगार मेले के दौरान सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 70 हजार से अधिक नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। यह रोजगार मेले देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जाएंगे। राजस्थान में जयपुर और कोटा में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। जयपुर के सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी विवि आडिटॉरियम में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह यह नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**जून महीने में लगभग 4.4 लाख यात्रियों ने की यात्रा**

# जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर ट्रैफिक में 23.7% की वृद्धि

बेधड़क | जयपुर

एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी, बेहतर कनेक्टिविटी तथा अपनाई गई नई सुरक्षा व्यस्थाओं के कारण यात्रीभार में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मई और जून 2023 में यात्री भार लगभग समान रहा। जून 2023 में जयपुर एयरपोर्ट पर कुल हवाई यातायात नियंत्रण 3657 विमानों का रहा, जबकि नान शेड्यूल फ्लाइट्स की संख्या लगभग 300 रही। जयपुर एयरपोर्ट ने जून महीने में लगभग 4.4 लाख यात्रियों को संभाला, जो इस महीने में यात्रियों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। पिछला उच्चतम स्तर जून 2018 में दर्ज किया गया था।

जून का नया रिकॉर्ड पांच साल के अंतराल के बाद टूटा है। गौरतलब है कि जयपुर एयरपोर्ट ने 4,33,454 लाख यात्रियों की आवाजाही संभालकर इतिहास रचा जो पिछले वर्षों की तुलना में जून महीने में अब तक का सबसे अधिक है। उल्लेखनीय वृद्धि का प्रदर्शन करते हुए, जयपुर हवाई अड्डे ने लगभग 33,737 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और लगभग 4,33,454 घरेलू यात्रियों के साथ एक फलदायी महीना देखा। जयपुर एयरपोर्ट से प्रति दिन औसतन 60 उड़ानों में लगभग 15,000 यात्रियों ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट प्रशासन को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यात्री भार और यात्री सुविधाओं का समान्तर विस्तार होगा।

यात्रियों की संख्या में यह वृद्धि हवाई यात्रियों के बीच सकारात्मक भावनाओं और जयपुर हवाई अड्डे से मजबूत क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी के कारण भी हुई।

**'सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' का दिया संदेश**

# लोकतंत्र में हर वोटर की भागीदारी जरूरी

बेधड़क | जयपुर




विधानसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। अभियान के तहत ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर मशीन के प्रदर्शन के साथ ही आम नागरिकों को ईवीएम में मॉक पोल के जरिये मतदान प्रक्रिया समझाई जा रही है। वहीं अलग-अलग माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

अभियान की इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र हवामहल के शास्त्रीनगर में स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों ने हाथों में मतदान को प्रेरित करने वाले संदेश लिखी पट्टियां लेकर उत्साह से नारे लगाए।

सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के संदेश के साथ निकली गई मतदाता जागरूकता रैली आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नियमित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत रोजाना हजारों लोग इन मतदान प्रदर्शन केन्द्रों पर मॉक पोलिंग कर ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया को समझ रहे हैं।

**कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति**

# भाजपा की संभाग स्तरीय बैठक आज, नए प्रभारी व सहप्रभारी नियुक्त

बेधड़क | जयपुर

भाजपा की संभाग स्तरीय बैठक शनिवार को होगी। जिसमें कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जाएगी। इन बैठकों में पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें जयपुर की बैठक में प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, अजमेर में चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, भरतपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और जोधपुर में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर बैठक लेंगे। वहीं बैठकों से पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष ने सभी सात संभागों में संभाग प्रभारी व सहप्रभारियों की नियुक्ति की है।




### राज्य मंत्री जाहिदा के खिलाफ शिकायत

राज्य सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने स्मार्ट क्लासेज के टेंडरों में 50 फीसदी कमीशन लेने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एसीबी डीजी हेमंत प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को दाधीच ने कहा कि पीडीआई पर रोक लगने के कारण प्रदेश के लाखों छात्रों का स्मार्ट क्लासेज में पढ़ने का सपना अधूरा रह गया है। दाधीच ने कहा कि कमीशन नहीं मिलने के कारण मंत्री ने अपनी नोटशीट पर पीडीआई को रोक दिया है। जिसके खिलाफ भाजपा एसीबी में परिवाद दर्ज करवाया है।

### इन्हें मिली संभागों की जिम्मेदारी

बीकानेर संभाग में सीआर चौधरी को प्रभारी व श्रवण बगड़ी और जोगेन्द्र राजपुरोहित को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जयपुर संभाग में भजनलाल शर्मा प्रभारी और भानुप्रताप सिंह, ओमप्रकाश भड़ाना, सत्यनारायण चौधरी सहप्रभारी होंगे। भरतपुर में प्रभारी हेमराज मीणा और सहप्रभारी सोमकांत शर्मा, अजमेर में दीया कुमारी प्रभारी, विजेन्द्र पूनियां, अतर सिंह भड़ाना सहप्रभारी, जोधपुर में जगबीर छाबा प्रभारी, प्रमोद सामर, प्रियंका मेघवाल सहप्रभारी, उदयपुर प्रभारी दामोदर अग्रवाल, सहप्रभारी सांवलाराम देवासी, मिथलेश गौतम और कोटा संभाग में मुकेश दाधीच को प्रभारी और धमेन्द्र गहलोत को सहप्रभारी लगाया है।

### दिल्ली से भाजपा नेताओं ने सरकार पर किए वार

राजस्थान में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार पर हमलवार है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय से कहा कि राजस्थान पुलिस का थीम वाक्य अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास है, लेकिन सूबे में स्थिति इसके एकदम उलट है। जहां बंदूक की नोक पर अपराधी छुड़ाए जा रहे हैं, हर दिन कहीं ना कहीं गोली चलाकर अपराधिक हत्याएं की जा रही हैं। व्यापारियों को धमकाने की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आमजन में डर और अपराधियों के हौसले चरम पर हैं, यह लाइन फिट बैठ रही है।

### राजस्थान में हर दिन औसतन 18-19 रेप: राजे

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कांग्रेस सरकार पर महिलाओं के मुद्दे और कानून व्यवस्था को लेकर जमकर हमला बोला। राजे ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कहा कि राजस्थान में हर दिन औसतन 18-19 रेप और 5-7 हत्या की घटनाएं हो रही हैं और ऐसे में इस सरकार को एक दिन भी कुर्सी पर रहने का हक नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में महिलाएं, बच्चियां अस्पताल, विद्यालय, एम्बुलेंस सहित कहीं पर भी सुरक्षित नहीं हैं, यह बात जनता जानती है, लेकिन सरकार को चिंता नहीं है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 222 जयपुर, शनिवार, 22 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### IND Vs WI: विराट ने ठोका 76वां इंटरनेशनल शतक



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच में अपना 29वां टेस्ट और 76वां अंतरराष्ट्रीय शतक ठोक दिया है। उन्होंने विदेशी सरजमीं पर 1677 दिन बाद यह शतक लगाया है। उन्होंने भारतीय पारी के 91वें ओवर में गैबरल के ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। विराट कोहली ने 180 गेंद में 11 चौकों की मदद से 100 रन पूरे किए। विराट ने विदेशी धरती पर शतक 1677 दिन बाद जड़ा। उन्होंने इस पारी में 121 रन बनाए। इस बीच, समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया की पहली पारी 438 रन पर सिमट गई थी।

### सीकर में पुलिस व डकैतों की मुठभेड़, एक डकैत की मौत



**जयपुर।** सीकर जिले में आभूषण की दुकानों में डकैती कर भाग रहे कुछ लोगों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक आरोपी (डकैत) मारा गया। पुलिस के अनुसार बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर गांव में 8-10 लोग आभूषणों की पांच छह दुकानों पर डकैती कर भाग रहे थे। सूचना मिलने पर बीकानेर, सीकर और चूरू जिलों के पुलिस दलों ने गुरुवार देर रात उनका पीछा किया। रामगढ़ के थाना प्रभारी हेमराज मीना ने कहा, "मुठभेड़ में मक्खन गिरोह से जुड़े एक आरोपी सुरेश मीना की गोली लगने से मौत हो गई।"

■ पेज 4 भी देखें

## बयानबाजी के भंवर में फंसे राजेंद्र गुढ़ा आखिर नपे... मंत्रिपरिषद से किया बाहर

# विधानसभा में दिन को सरकार की खिलाफत, रात को बर्खास्त

### ■ आलाकमान के निर्देश पर मुख्यमंत्री गहलोत ने की अनुशंसा

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस सरकार के खिलाफ बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार रात अपनी मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया। गुढ़ा के पास सैनिक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा (स्वतंत्र प्रभार), पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग था। गुढ़ा ने शुक्रवार को विधानसभा में महिला अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को घेरा था। इसकी जानकारी और वीडियो पहले कांग्रेस आलाकमान तक पहुंचाया गया और कुछ ही घंटे बाद गुढ़ा की बर्खास्तगी को लेकर गहलोत ने शाम को अनुशंसा राजभवन भेजी। इसको राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। यह सारा प्रकरण तब हुआ, जब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रदेश दौरे पर हैं। बताया जा रहा है कि रंधावा की तरफ से गुढ़ा के बयान पर सख्त एक्शन के लिए कांग्रेस आलाकमान को सिफारिश की थी।

गुढ़ा उन छह विधायकों में से एक हैं, जिन्होंने साल 2018 का विधानसभा चुनाव बसपा की टिकट पर जीता था, लेकिन बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्हें बाद में मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था। गुढ़ा उसके बाद खुलकर सचिन पायलट का समर्थन करते हुए अपने बयानों से विवादों में रहे। वे सदन के अंदर और बाहर कई मामलों को लेकर गहलोत सरकार पर सवाल खड़े करते रहे थे। इससे पहले वे सरकार और मंत्री शांति धारीवाल का अलाइनमेंट खराब होने जैसे विवादास्पद बयान भी दे चुके हैं।



### ■ कड़ा संदेश... इस्तीफा नहीं मांग सीधे किया बाहर

#### सदन में बोले-अपने गिरेबान में झांकें

विधानसभा में राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान कांग्रेसी विधायक मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर पोस्टर लहरा थे। तब गुढ़ा ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, 'राजस्थान में, ये सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गए और राजस्थान में जिस तरह से अत्याचार बढ़े हैं महिलाओं के ऊपर, मणिपुर की बजाय हमें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बाद में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राजस्थान में बहन-बेटियों के ऊपर हो रहे अत्याचारों व दुष्कर्म की असलियत स्वयं सरकार के मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा बता रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 164(2) के अनुसार मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के आधार पर काम करता है और मंत्री का बयान पूरे मंत्रिमंडल यानी सरकार का माना जाता है। बर्खास्तगी के बाद गुढ़ा ने कहा कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। मैंने महिलाओं पर हो रहे अपराधों के बारे में कहा था।

#### विवादित रहे बयान

- खेतड़ी में कांग्रेस को चुनौती देते हुए गुढ़ा ने कहा था कि कांग्रेस में किसी ने मां का दूध पिया है तो वो पायलट पर कार्रवाई करके दिखाए, यदि ऐसा होता है तो छठी का दूध याद आ जाएगा।
- जनसंघर्ष यात्रा दौरान गुढ़ा ने कहा था कि वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत मिले हुए हैं। मेरे पास सबूत है कि भाजपा का हेलिकॉप्टर खाली क्यों गया। सरकार में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश की सरकार कर्नाटक के 40 परसेंट के कमीशन से भी ऊपर जा रही है, करप्शन की सारी हदें पार कर दी।

## धरती धूजी... घबराकर लोग भागे घरों के बाहर

# तेज गड़गड़ाहट... भूकंप ने तड़के उड़ाई जयपुर की नींद

### भूकंप का केन्द्र जमीन से सिर्फ दस किमी नीचे... इसलिए हुई तेज आवाज

**बेधड़क | जयपुर**

शहर में तड़के आए भूकंप के झटकों ने आमजन को दहशतजदा कर दिया। अलग-अलग इलाकों में तेज गड़गड़ाहट के साथ आए भूकंप से घबराकर लोगों की झटके से नींद टूटी और तुरंत परिवार सहित घरों से बाहर की ओर भागे। हालांकि, भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता कम थी, लेकिन गड़गड़ाहट ऐसी थी कि लोग दहशत में आ गए। घबराहट का आलम यह था कि कई जगह लोग सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। तड़के भूकंप के थोड़े-थोड़े से अंतराल के बाद आए चार झटकों ने लोग इतने दहल गए कि घरों में जाने की बजाय सड़कों पर बैठना उचित समझा। मानसरोवर में भूकंप बिजली गुल होने के कारण अधिक घबराहट का सबब बन गया।

■ पेज 3 भी देखें

### 22 मिनट में महसूस किए 4 झटके

### दहशत में छोटी काशी




फोटो: पंकज शर्मा

**भूकंप का केंद्र जयपुर का भांकरोटा**

- ■ **पहला झटका:** सुबह 4:09 बजे, केंद्र अजमेर रोड भांकरोटा, तीव्रता 4.4
- ■ **दूसरा झटका:** सुबह 4:22 बजे, केंद्र फागी रोड पर रेनवाल मांझी, तीव्रता 3.1
- ■ **तीसरा झटका:** सुबह 4:25 बजे, केंद्र अजमेर रोड भांकरोटा, तीव्रता 3.4
- ■ **चौथा झटका:** सुबह 4:31 बजे, केन्द्र शिवम रिसॉर्ट, सारंगपुरा, तीव्रता 2.5

#### भूकंप की चेतावनी संभव नहीं

"राजधानी जयपुर में अगर भूकंप 8 से 10 सेकंड का होता तो भारी तबाही मचा सकता था। भूकंप का प्रारंभिक कारण मकानों का दबाव, माइनिंग और नदियों से बजरी का बेतरतीब दोहन है। भूकंप के साथ तेज आवाज का कारण जमीन से कम गहराई (10 किलोमीटर) पर प्लेटों का टकराना रहा। वैसे, भूकंप की चेतावनी मुश्किल है। इससे पहले जयपुर में 5 नवंबर 2019 को भूकंप आया था, मगर इतनी तेज गड़गड़ाहट नहीं हुई थी।

प्रो.आर.एन. शर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल, आरयू

#### जान-माल की कोई हानि नहीं



भूकंप के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लिखा कि भूकंप से जान-माल की कोई हानि नहीं हुई हुई है। अधिकारियों को अवलोकन करने के निर्देश दे दिए हैं, सभी की कुशलता की कामना और प्रार्थना करता हूं। इसी तरह, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी ट्वीट कर लोगों की कुशलता की कामना की।

#### सायरन का इंतजाम करे सरकार: विपक्ष



नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने विधानसभा में कहा कि अब जयपुर भी भूकंप संभावित क्षेत्र में आ गया है। ऐसे में राज्य सरकार को कम से कम जनता के लिए उस सायरन का इंतजाम तो करना चाहिए, जिसकी आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर आ जाएं और किसी तरह की अफवाह नहीं फैले। इस पर आपदा मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि यह सुझाव सही है, इस पर सरकार विचार करेगी।

## ज्ञानवापी मस्जिद विवाद: वाराणसी की जिला अदालत का अहम फैसला

# पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति

### मुस्लिम पक्ष बोला... अपील करेंगे

**एजेंसी | वाराणसी**



शहरी की एक अदालत ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए वजूखाने को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की अनुमति दी है। ज्ञानवापी और आदि विश्वेश्वर मामलों के विशेष अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि वाराणसी के जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए ज्ञानवापी मस्जिद के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति दी है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख चार अगस्त तय की है। अदालत ने 14 जुलाई को हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मो. तौहीद खान ने कहा कि वे आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत में जाएंगे। उन्होंने कहा, "यह स्वीकार्य नहीं है और हम इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में जाएंगे। इस सर्वेक्षण से मस्जिद को नुकसान हो सकता है।"

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि ज्ञानवापी परिसर के तीन गुंबदों, परिसर की पश्चिमी दीवार और पूरे परिसर की आधुनिक तरीके से जांच करने पर स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

## खरगे, राहुल और प्रियंका की नौ को बांसवाड़ा में जनसभा

**बेधड़क | जयपुर**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी नौ अगस्त को प्रदेश के बांसवाड़ा जिले में एक जनसभा करेंगे।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शुक्रवार को बताया कि नौ अगस्त को 'आदिवासी दिवस' के रूप में मनाया जाता है और बांसवाड़ा जिले में जनसभा की तैयारी की जा रही है। पार्टी टिकट वितरण के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई पैराशूट उम्मीदवार नहीं आएगा।

पार्टी नेताओं से सहमति के बाद ही नाम तय किए जाएंगे। उन उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा, जो जीतने की क्षमता रखते हैं और जिनका नाम पार्टी सर्वेक्षण के तहत आता है।

## प्रदेश को मिले दो बड़े कानून

# जनता को न्यूनतम आय की गारंटी... पेपर लीक पर कड़ी सजा का प्रावधान

- भर्ती परीक्षा में गड़बड़ करने वालों को मिलेगी उम्रकैद
- साल में 125 दिन रोजगार की गारंटी, कमजोरों को 1,000 रुपए पेंशन
- सीएम गहलोत ने कहा... यह नए युग की शुरुआत और सुरक्षा की सौगात

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा में शुक्रवार को दो नए कानून पारित कर राज्य सरकार ने एक तरफ जहां आमजन को न्यूनतम आय की गारंटी दी, वहीं भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे मामलों को लेकर सजा के मौजूदा प्रावधान को और कड़ा बना दिया। विधानसभा में राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक-2023 और सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) (संशोधन) विधेयक-2023 को ध्वनिमत से पारित किया गया है। न्यूनतम आय



विधेयक के पारित हो जाने के बाद अब शहरी और ग्रामीण इलाकों में साल में 125 दिन रोजगार तथा बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को हर महीने न्यूनतम एक हजार रुपए की पेंशन की गारंटी सरकार की तरफ से दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा को लेकर इस तरह का कानून पारित करने वाला राजस्थान पहला राज्य बन गया है।

### देश में पहली बार बना ऐसा कानून

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस कानून के बनने पर सोशल मीडिया पर लिखा कि यह एक नए युग की शुरुआत है। सुरक्षा व सम्मान की सौगात है। अत्यंत गर्व की बात है कि आज राजस्थान विधानसभा उस ऐतिहासिक दिन की साक्षी बनी जब देश में पहली बार बिल पारित कर 'न्यूनतम आय की गारंटी' को हक से देना सुनिश्चित किया गया है। समस्त राजस्थान वासियों को रोजगार व पेंशन का अधिकार मिलने की हार्दिक बधाई।

### महंगाई से मिलेगी राहत

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य में वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा एवं एकल महिला को प्रतिमाह 1,000 रुपए की न्यूनतम पेंशन की गारंटी मिलेगी। साथ ही, इसमें 15% स्वत: बढ़ोतरी का प्रावधान किया गया है, जो जुलाई में पांच% एवं जनवरी में 10% की दर से होगी। इस वृद्धि की आधार राशि 1000 रुपए होगी। धारीवाल ने कहा कि कानून बन जाने के बाद ये प्रावधान जनता को अधिकार के रूप में प्राप्त हो जाएंगे और बेतहाशा बढ़ती महंगाई से राहत भी मिलेगी।

### कानून सख्त करना समय की मांग

धारीवाल ने बताया कि पहले सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम-2022 लागू किया गया था। अब इसमें अधिक सख्त सजा का प्रावधान करते हुए संशोधन विधेयक लाया गया है। इसके अंतर्गत कारावास की न्यूनतम अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष तथा अधिकतम 10 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन कारावास तक करने का प्रावधान किया गया है। विभिन्न राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन राजस्थान में अन्य राज्यों की तुलना में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सजा के अधिक सख्त प्रावधान किये हैं। वर्तमान में मौजूद अधिनियम के अंतर्गत लिप्त व्यक्ति से जुर्माना वसूलने व सम्पत्ति कुर्क करने के साथ ही परीक्षा व्यय की राशि वसूले जाने का भी प्रावधान है। साथ ही, इस अपराध को संज्ञेय और गैर जमानती बनाया गया है।



## जरूरी खबर

### युवती को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**धौलपुर।** जिले की सैंपऊ थाना पुलिस ने गुरुवार को युवती को अगवा व दुष्कर्म के मामले में दो महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनील जाटव निवासी नवलू का नगला सुवती को बहला-फुसलाकर साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद युवती को तो दस्तयाब कर लिया था, मगर आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बसई नवाब सड़क मार्ग से आरोपी को गिरफतार किया। आरोपी से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का इस्तीफा कया स्वीकार

**झालावाड़।** राजपूत समाज की ओर से गत छह दिन से दिए किए जा रहे आंदोलन के बाद शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन ताउ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। जिला संगठन प्रभारी छगन माहुर ने इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि सहकार भवन में हुए भूमि विकास बैंक के चुनावों के दौरान जिलाध्यक्ष द्वारा अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने के विरोध में राजपूत समाज के युवक आन्दोलित थे। वे जिलाध्यक्ष को पद से हटाने की मांग को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यालय के बाहर धरना दे रहे थे।

### जियारत करने आए जायरीन की नदी में डूबने से मौत



**झालावाड़।** जिले के गागरोन स्थित मिट्ठे महावली दरगाह पर लगे तीन दिवसीय उर्स में जियारत करने आए जायरीन की शुक्रवार को नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने फिरोज को मृत घोषित कर दिया। मृतक फिरोज बारां जिले के अंता थाना क्षेत्र के रायपुरिया गांव का निवासी था। वह गुरुवार शाम को गागरोन उर्स में जियारत करने पहुंचा था। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को इसकी सूचना दी।

**कुलदीप जघीना हत्याकांड:** दो आरोपी और पकड़े, अब तक कुल 11 बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

# पुलिस ने रोबिन को मध्यप्रदेश से दबोचा, भूपन भी गिरफ्तार

### भागने की कोशिश कर रहे रोबिन का पैर टूटा

**बेधड़क** | भरतपुर

भरतपुर में 12 जुलाई को हुए कुलदीप जघीना हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल 11 बदमाशों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि रोबिन को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। उस पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। रोबिन कुलदीप की हत्या के बाद तुरंत आगरा पंहुचा गया था। वहां से रोबिन ट्रेन से मध्य प्रदेश पहुंचा। मध्य प्रदेश में यह अपने रिश्तेदारों के यहां फरारी काट रहा था। उन्होंने बताया कि रोबिन को भरतपुर लाते समय रूपवास के आसपास जब टॉयलेट जाने के लिए पुलिस की टीमें रुकी तो रोबिन ने पुलिस की गिरफ्त से भागने की कोशिश की।



रात होने के कारण वह वहां एक गड्ढे में जाकर गिरा। रोबिन के पैर में चोट आई है। जिसे आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के बाद आरोपी रोबिन को छुट्टी दे दी गई है। कच्छावा ने बताया कि पंकज, रोबिन और लोकी से पूछताछ में एक और युवक भूपन लोधा निवासी जघीना का नाम सामने आया था। कुलदीप की हत्या की प्लानिंग में भूपन की भूमिका थी। भूपन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि कुलदीप हत्याकांड के दिन दो व्यक्तियों ने हेलमेट लगाया हुआ था। उनकी पहचान नहीं हो पाई है। दोनों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। कुलदीप हत्याकांड में अभी तक 11 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

बता दें कि भरतपुर में 12 जुलाई को कुलदीप की गोली मारकर बदमाशों ने हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने छह आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर लिए थे और तीन आरोपियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था।

### 50-50 हजार के इनामी तीन आरोपियों ने किया था सरेंडर

हत्याकांड के तीन अन्य इनामी आरोपियों लोकेंद्र, देवेंद्र और पंकज ने गुरुवार को डीग कोतवाली में सरेंडर कर दिया था। लोकेंद्र, देवेंद्र, पंकज और रॉबिन पर भरतपुर आईजी ने 50-50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। गुरुवार को सरेंडर करने वाले आरोपियों ने खुद की हत्या की आशंका जताई थी। बदमाशों का कहना था कि उनका घटना से नाम जोड़ा गया, लेकिन वो उसमें शामिल नहीं थे। साथ ही उनका आरोप था कि 15 दिन में उन्हें ढूंढकर हत्या करने की धमकी भी दी गई थी। गौररतलब है कि शुरुआत में जो चार आरोपी गिरफ्तार किए गए थे, पुलिस ने उनसे हथियार सहित मिर्ची पाउडर भी बरामद किया था। घटना के उपयोग में ली गई एक क्रेटा और बलेनो कार भी बरामद की गई थी। इसके अलावा पुलिस ने बदमाशों के पास से एक बाइक भी जब्त की थी।

**सीकर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दोनों ओर से फायरिंग**

# एनकाउंटर में एक डकैत की हुई मौत, दूसरे को किया गिरफ्तार

- डूंगरगढ़ में ज्वेलरी की दुकानों में डकैती डालने के बाद भागे बदमाश
- पुलिस ने 100 किलोमीटर तक किया पीछा, खेतों में जा छिपे आरोपी

**बेधड़क** | सीकर

बीकानेर जिले की डूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के मोमासर गांव में ज्वेलरी की दुकानों को लूटकर फरार हुए बदमाशों की सीकर जिले के रामगढ़ इलाके में सीकर और चूरू पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश मारा गया, जबकि एक अन्य घायल डकैत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके अन्य साथी भागने में कामयाब हो गए।

सीकर एसपी करण शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान सीकर अजीतगढ़ के सावलपुरा निवासी सुरेश मीणा के रूप में हुई है। आईजी उमेश दत्ता ने बताया कि वारदात में करीब 6 से 7 बदमाशों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस ने 100 किलोमीटर तक बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान कई जगह फायरिंग हुई। आखिरकार पुलिस ने बदमाशों की रामगढ़ में घेराबंदी कर ली। उन्होंने बताया कि गुरुवार देर रात सांवलपुरा गांव में बदमाशों ने 6 ज्वैलर्स की दुकानों के ताले तोड़कर लूटपाट की। मौके से गुजर रहे 3-4 राहगीरों ने शोर मचाया, तो बदमाश भाग निकले। डकैत चूरू जिले की सीमा से सीकर जिले में घुस गए। इस दौरान रतनगढ़ में पुलिस ने नाकाबंदी कर उन्हें रोकने की कोशिश की, तो बदमाश नाकाबंदी तोड़कर भाग निकले।



### ड्रोन की ली जा रही मदद

पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर खेतों में खड़ी फसल के बीच भाग गए। पुलिस ने अंदेशा जताया कि अभी भी कई बदमाश खेतों में छिपे बैठे हैं। जिसके चलते पुलिस ने बाकी बदमाशों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान चला रखा है। पुलिस पहले डॉग स्क्वॉड की मदद से सर्च अभियान चलाया रही थी। अब पुलिस ऊंट और ड्रोन कैमरों की भी मदद ले रही है। सर्च अभियान में 200 से अधिक पुलिसकर्मी जुटे हुए हैं। सीकर एसपी करण शर्मा ने बताया जल्द ही बाकी बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

### कई बार हुआ आमना-सामना

रतनगढ़ से भाग रहे बदमाशों ने हाईवे को छोड़कर गांव का रास्ता पकड़ लिया। सबसे पहले रामगढ़ इलाके की रामसीसर गांव में चूरू डीएसटी की टीम और बदमाश आमने-सामने हुए। बदमाशों ने फायरिंग कर पुलिस को रोकने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के जवानों ने बदमाशों की गाड़ी पर एक के बाद एक तीन फायर किए। यहां से सभी बदमाश रोल साफ सरगांव की तरफ गाड़ी लेकर भागे। वहां भी पुलिस ने बीच में गाड़ी लगाकर इन्हें हाईवे पर नहीं चढ़ने दिया। जैसे ही वह वापस मुड़े तो चूरू डीएसटी की टीम ने बदमाशों की गाड़ी को टक्कर मार रोक दिया।

**टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार**

# सड़क हादसे में पूरा परिवार खत्म, पांच लोगों की मौत



**बेधड़क** | दौसा

दौसा जिले में तूंगा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक के बाद एक परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। 15 जुलाई को हुए हादसे में घायल चार लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी। वहीं शुक्रवार को 5वें व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इससे गुस्साएं परिजनों ने शव रखकर सोनड गांव में प्रदर्शन किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार 15 जुलाई की शाम सिंदोली गांव का रहने वाले जीतू सैन अपनी पत्नी अंजलि और बच्चों के साथ बाइक से जा रहा था।

तूंगा इलाके के लालसोट हाईवे पर अणतपुरा मोड़ के पास पहुंचने पर एक मारुति ब्रेजा कार ने बाइक सवारों अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 27 साल के जीतू और 7 साल के बच्चे डुग्गू की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी अंजलि, भतीजी सिमरन और बेटा मन्नू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज जयपुर के अस्पातल में चल रहा था।

जयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान जीतू के दूसरे बेटे मन्नू की 18 जुलाई को मौत हो गई थी। अगले दिन 19 जुलाई को भतीजी सिमरन की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को जीतू की पत्नी अंजलि ने भी दम तोड़ दिया। इधर, हादसे के बाद चालक अपनी ब्रेजा कार लेकर फरार हो गया।

**न्यास मंडल की 202वीं बैठक,** विभिन्न एजेंडों पर चर्चा

# चंबल रिवर फ्रंट के दूसरे फेज के लिए वर्क ऑर्डर किए जारी

**बेधड़क** | कोटा

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर हेरिटेज चंबल रिवर फ्रंट के विस्तार का प्रोजेक्ट ग्रीन फील्ड रिवर फ्रंट जो नयापुरा से रेलवे ब्रिज तक प्रस्तावित है, प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है।

राज्य सरकार के निर्देश के बाद 6.5 किलोमीटर ग्रीन फील्ड रिवर फ्रंट वर्क ऑर्डर शुक्रवार को न्यास मंडल की बैठक निर्णय कर अनुमोदन किया गया। कोटा नगर



विकास न्यास मंडल की 202वीं बैठक शुक्रवार को नगर विकास न्यास के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई।

कलेक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। बैठक में शहर में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा के साथ विभिन्न समाजों, संस्थाओं को आवंटित की गई भूमि, आवासीय योजनाओं पुनर्वास योजनाओं, व्यवसायिक योजनाओं की दरें, न्यास की योजनाओं के आवंटन सहित अन्य एजेंडो पर निर्णय कर अनुमोदन किया गया।

### नरोत्तम सिकरवार का 24 घंटे बाद अंतिम संस्कार

**बेधड़क** | कोटा

केईडीएल की लापरवाही से गुरुवार सुबह करंट लगने से रोटेदा निवासी नरोत्तम सिकरवार की मृत्यु हो गई थी। परिजन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे थे। 24 घंटे बीतने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मृतक के परिजनों से बात की। जिसमें पीड़ित परिवार को 11 लाख रुपए मुआवजा दिलवाने व परिवार में से एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी दिलवाने की बात पर सहमति बनी। जिसके बाद नरोत्तम सिकरवार का अंतिम संस्कार किया गया।

**मामला दर्ज होने के बाद** बोरिंग मालिक ने भी की खुदकुशी

# बोरवेल के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से 2 बालकों की मौत

**बेधड़क** | अलवर

अलवर जिले के कठूमर थाना क्षेत्र के छोटा भदिरा गांव में एक ही परिवार के दो बच्चों खेत में बने गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। हादसा 19 जुलाई शाम का बताया जा रहा है। खेत में बोरिंग के लिए गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश का पानी भर गया। बुधवार को दो बालक उसमें गिर गए। गुरुवार को दोनों का शव निकाला गया था।

घटना की सूचना पर पूरे गांव में मातम छा गया। पुलिस और अन्य कार्रवाई के भय के चलते बोरिंग



मालिक साहब सिंह ने भी गुरुवार रात को आत्महत्या कर ली।

पुलिस उपाधीक्षक अशोक चौहान ने बताया कि राजेंद्र जाटव का 9 वर्षीय पुत्र लवकुश जाटव और परिवार के सत्येंद्र जाटव का 6 वर्षीय पुत्र गोलू उर्फ यशांक जाटव बुधवार को रोजाना की तरह अपने खेतों में खेलने गए थे। दोनों बालक अपने खेत के नजदीकी साहब सिंह जाटव के खेत पर बोरिंग कराने के लिए बनाए गए गड्ढे पर खेलने लगे। गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था।

खेत की मिट्टी चिकनी होने के कारण दोनों का पैर फिसल गया और वो बोरिंग के गड्ढे में गिर गए। जब बच्चे काफी देर तक भी घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इस दौरान दोनों के शव गड्ढे में पड़े मिले।

**जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से एएसडब्ल्यूएस ने शुरू किया 'मिशन सारथी'**

# कोटा में सुसाइड की घटनाओं को रोकने के लिए स्टूडेंट्स को करेंगे मोटिवेट

**बेधड़क** | कोटा

कॅरियर सिटी कोटा में स्टूडेंट द्वारा सुसाइड की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए कोटा में 'मिशन सारथी' की शुरुआत की गई है। और हर हॉस्टल पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पैनी नजर रखेंगे। इस पहल की शुरुआत शुक्रवार को जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से ऑल स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा की गई।

एलन सम्यक कैम्पस के सद्गुण सभागार में आयोजित सारथी सेशन में 500 से अधिक हॉस्टल संचालक, वार्डन, मैनेजर और विद्यार्थियों से जुड़े व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि जिला प्रशासन के नोडल ऑफिसर आरएएस गजेन्द्र सिंह, एलन के प्रिंसिपल साइकोलॉजिस्ट डॉ. हरीश शर्मा रहे। कार्यक्रम में चम्बल हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान बिड़ला, कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी व एएसडब्ल्यूएस के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत भी मौजूद रहे।

शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने कहा कि देशभर में कोटा अच्छी शिक्षा के लिए विख्यात है। यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी आ रहे हैं, जब भी कभी स्टूडेंट के सुसाइड की सूचना मिलती है तो बहुत दुख होता है। हमें ये समझना होगा कि ये छोटे बच्चे हैं जो परिवार छोड़कर हमारे पास आए हैं, हमें इन्हें परिवार के रूप में संभालना होगा। उल्लेखनीय है कि कोटा में विद्यार्थियों के सुसाइड को लेकर हर स्तर पर चिंता व्यक्त की जा रही है। राज्य सरकार और उच्च न्यायालय तक इस संबंध में संज्ञान ले चुके हैं। पुलिस के स्तर पर भी प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के सहयोग के तौर पर यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।




### विद्यार्थी हित ही हमारे लिए सर्वोपरि

नोडल ऑफिसर आरएएस गजेन्द्र सिंह ने कहा कि कोटा का अर्थ चक्र कोचिंग से चल रहा है और विद्यार्थी हित ही हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। हम खुद से सवाल करें जो व्यवहार हम विद्यार्थियों के साथ करते हैं क्या यह उचित है। घर के बच्चों के साथ ऐसा ही किया जाना चाहिए। आपकी-हमारी सभी की जिम्मेदारी है कि समय रहते संभलें, विद्यार्थियों की सुविधाओं पर ध्यान दें। जो भी कमिटमेंट हमारे द्वारा बच्चों या अभिभावकों से किया जाता है, उसमें गंभीरता से लें। यह देखें कि हम जितना पैसा ले रहे हैं, क्या उतनी सुविधाएं दे रहे हैं। जिला प्रशासन के पास स्टूडेंट पोर्टल पर आने वाली ज्यादातर शिकायतें हॉस्टल्स से जुड़ी होती हैं, 187 में से 178 समस्याएं हॉस्टल से जुड़ी हैं। इसीलिए इस सेशन की जरूरत पड़ी है।

### हर हॉस्टल में जाएगी काउंसलर्स की टीम

सारथी सेशन के बारे में डॉ.हरीश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को समझने, उनके मनोविज्ञान के अनुसार हॉस्टल्स पर सुविधाएं देने के उद्देश्य से 25 एक्सपर्ट साइकोलॉजिस्ट काउंसलर्स की टीम तैयार की गई है। आल स्टॅडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के टीम मैंबर्स, सीपीओ और काउंसलर्स की 8 से 10 सदस्यों की टीम हर हॉस्टल में जाएगी। वहां हॉस्टल वार्डन व प्रबंधन से जुड़े अन्य सदस्यों को प्रशिक्षण देगी। विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें अपने साथी विद्यार्थियों के व्यवहार परिवर्तन की जानकारी दी जाएगी। हर कमरे में सुविधाओं की जांच की जाएगी। सुधार के संबंध में हॉस्टल्स को सुझाव दिए जाएंगे। करीब 45 मिनट का ये सेशन होगा।

## जरूरी खबर

### पांच अवैध कॉम्प्लेक्स निगम ने किए सीज



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज ने हवामहल आमेर जोन में शास्त्री नगर स्थित इन्द्रा वर्मा कॉलोनी में शुक्रवार को पांच अवैध कॉम्प्लेक्स को सीज किया है। हैरत की बात यह है कि इन अवैध कॉम्प्लेक्स में भू माफिया ने बड़ी संख्या में दुकानों का निर्माण कर मोटे दामों पर बेच दिया था। आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि हवामहल आमेर जोन में पांच भवनों में अनाधिकृत रूप से सड़क पर अतिक्रमण कर कॉम्प्लेक्स बना लिया था, जिसे शुक्रवार अलसुबह सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इन्द्रा वर्मा कॉलोनी निवासी राधेश्याम मीणा,पवन कुमार चौहान, निशा कुमावत ने सर्वे के मकानों पर अवैध कॉम्पलेक्स बना लिए थे। जिस पर निर्माणकर्ताओं को पहले हवामहल आमेर जोन उपायुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने नोटिस जारी किया, लेकिन निर्माणकर्ताओं के मार्गाधिकार में अतिक्रमण नहीं हटवाने एवं व्यावसायिक गतिविधियां बंद नहीं करने पर सीज की कार्रवाई की गई।

### समान नागरिक संहिता के लिए पैदल मार्च कल

**जयपुर।** समान नागरिक संहिता के समर्थन में रविवार को पैदल मार्च किया जाएगा। युवा शक्ति मंच ने समान नागरिक संहिता को समर्थन देने के लिए जनसमर्थन जुटाने की घोषणा की है। मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह ने बताया कि मार्च सुबह 10 बजे चौगान स्टेडियम से रवाना होगा और परकोटे के विभिन्न मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान तक आएगा। युवा शक्ति मंच राजस्थान के प्रदेश महामंत्री गौरीशंकर ने कहा कि कानून जल्दी देश में लागू होना चाहिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**समीक्षा बैठक:** 18 जुलाई तक औसत से 72 फीसदी अधिक बरसात, बांधों में भराव क्षमता का 59.71% पानी आया

# मेहरबान हुआ मानसून.... प्रदेश के 114 बांध OVERFLOW

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में छोटे-बड़े बांधों और एनीकट की कुल जल संग्रहण क्षमता 12,580.03 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) के मुकाबले 18 जुलाई तक 7,512.03 एमसीएम (59.71 प्रतिशत) जल संग्रहण हो चुका है। 18 जुलाई तक 288.55 एमएम वर्षा हो चुकी है जो कि इस समय तक होने वाली औसत 167 एमएम बारिश से 72 प्रतिशत अधिक है।

माउंट आबू में इस वर्ष की सर्वाधिक 1418 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मानसून की एक दिन में अधिकतम 530 एमएम बारिश पाली जिले के मुथाना में हुई। प्रदेश के कुल 690 बांधों में से 114 बांध या तो पूरी तरह से भर चुके हैं या ओवरफ्लो हो रहे हैं, 278 बांध ऐसे हैं जिनमें 4.25 एमसीएम से अधिक पानी की आवक हो चुकी है। यह जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन और आईजीएनपी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंदिरा गांधी नहर परियोजना की बिल्डिंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई समीक्षा बैठक में दी गई है। बैठक में बाढ़ की तैयारियों के बारे में बताया गया कि सभी 33 जिलों एवं 54 प्रमुख बांधों पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित हैं।

#### बारिश का दौर जारी

राजधानी में दिन के समय कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके अलावा शहरी इलाकों में देर रात तक तेज बारिश का दौर जारी रहा। यहां दिन में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### घग्घर के पानी का कर रहे डायवर्जन

उन्होंने बताया कि घग्घर नदी कैचमेंट एरिया में अत्यधिक वर्षा के कारण पानी की अधिकता को देखते हुए हनुमानगढ़ से निकलने वाली नाली बेड, घग्घर डायवर्जन एवं इंदिरा गांधी नहर फीडर में आनुपातिक जल प्रवाह किया जा रहा है। प्रदेश भर में बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं।

#### सभी विभागों में समन्वय जरूरी

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग, पुलिस, जिला प्रशासन एवं आपदा नियंत्रण विभाग सहित स्थानीय निकायों से समन्वय स्थापित करने को कहा और मुख्य अभियंता (उत्तर) जल संसाधन, हनुमानगढ़ अमरजीत सिंह को फील्ड में रहकर पर्याप्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोटा, उदयपुर, बांसवाड़ा एवं अन्य संभागों में बांधों में अचानक पानी की आवक एवं बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सभी मुख्य अभियंताओं को कहा कि किसी भी तरह के संसाधनों की आवश्यकता होने पर मुख्यालय को तुरंत अवगत कराएं।

#### 31 तक करें पेंडेंसी क्लियर

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को टॉप प्रायोरिटी पर रखते हुए पेंडेंसी जुलाई के अंत तक क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं को बजट घोषणाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति समय पर निकालने, निविदा आमंत्रित करने एवं कार्यादेश आदि शीघ्र करते हुए इन घोषणाओं को धरातल पर लाने के निर्देश दिए।

**तड़के चार बजे आए भूकंप ने डराया,** घर से सड़क तक पसरी दहशत

# भूकंप तो पहले भी बहुत आए

## ऐसी आवाज पहली बार सुनी



**ज्योतिषी बोले- फिर से बन रहे हैं प्राकृतिक आपदाओं के योग**

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे करीब 30 मिनट के अन्तराल में आए भूकंप के चार झटकों ने शहर के लोगों को दहशत में ला दिया। गहरी नींद में सो रहे लोग उठकर बाहर की ओर भागे। गली-मोहल्लों में दहशत फेल गई। लोगों का कहना था कि भूकंप तो पहले भी आए हैं, लेकिन ऐसा आवाज करने वाला पहली बार देखा है। उधर, चांदपोल स्थित पुलिस लाइन के कम्यूनिटी हॉल के बैरक में भगदड़ मच गई, जिसमें 20 से ज्यादा पुलिस जवान जख्मी हो गए। यहां हाल ही नव भर्ती हुए जवानों को ठहराया गया था।



#### भगवान को दिया धन्यवाद

भूकंप के कारण मानसरोवर इलाके में लोग डर के कारण हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। वहीं, शहर के लोगों ने अपनी सलामती पर गोविंद के दर्शन कर भगवान का धन्यवाद दिया। सुबह से ही मंदिरों में आरती में लोग पहुंचने लगे। भगवान से मंगलकामना करने लगे।

#### चाय की दुकानों पर लगी भीड़

करीब साढ़े पांच बजे जब सब कुछ सामान्य सा होने लगा तो कई लोग घरों की बजाय शहर में चाय की दुकानों पर पहुंचने लग गए। एमआई रोड पर स्थित एक चाय की दुकान पर देखते ही देखते लोगों की इतनी भीड़ हो गई कि पूरी गली खचाखच भर गई। यहां लोग एक-दूसरे के साथ भूकंप के झटकों का अनुभव शेयर कर रहे थे। इसी तरह अन्य इलाकों में भी लोग चाय की दुकानों पर अपना अनुभव बताते नजर आ रहे थे।

#### हर तरफ सड़कों पर लगी लोगों की भीड़

शहर के मानसरोवर, महेश नगर, शास्त्री नगर, सांगानेर, वैशाली नगर, रामगंज, चांदपोल, जौहरी बाजार, आमेर रोड़ आदि क्षेत्रों में लोग डर के मारे सड़क और खुले स्थानों पर निकल गए। परकोटे में तंग गलियों में से लोग निकल कर मुख्य बाजारों में आ गए। हर कोई कोतूहलवश दूसरे इलाके की खबर जानने के लिए एक-दूसरे को फोन कर रहे थे। कहीं पर लोग भगवान के मंदिरों में दर्शन कर कुशलमंगल की कामना करने लग गए थे। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के ग्राउंड में सुबह-सुबह मरीज और उनके परिजन डरे-सहमे से बैठे नजर आए। महेश नगर में एक गर्ल्स हॉस्टल के बाहर ताला लगा होने से अंदर मौजूद छात्राएं डर के मारे चिल्लाने लग गई।

#### विकास के बढ़ते पहिए हानिकारक

कई लोगों ने बताया कि देशभर में हो रहे कंस्ट्रक्शन है। यहां कई रोड, बिल्डिंग के साथ डेवलपमेंट हो रहे हैं। इस वजह से पहाड़ों में भी ब्लास्टिंग हो रही है। ऐसे में जमीन में खिंचाव कम होता जा रहा है। इस वजह से भी भूकंप की तीव्रता बढ़ती जा रही है। शहरों में विकास के नाम पर जगह जगह अवैध ट्यूबवेल खोदी जा रही है। बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो रही है।

#### गायें भी इधर-उधर भागने लगी

“ अजमेर रोड निवासी अर्चना बैराठी ने बताया कि मैं अपने कमरे में सो रही थी, तभी मुझे अहसास हुआ कि भूकंप आया है। हम सभी तुरंत अपने घर से बाहर आ गए। कॉलोनियों में खड़ी गायें भी इधर-उधर भागने लगी। सभी लोग बहुत घबराए हुए थे। बाद में पता चला कि भूकंप का केंद्र पास ही भांकरोटा था तो मन सिहर उठा।

#### घबराकर बाहर निकला

“ प्रताप नगर निवासी राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि नियम के कारण मैं सुबह चार बजे उठा ही था, तभी तेज आवाज और कंपन का अहसास हुआ। मैंने घबराकर तुरंत पत्नी और बेटे को उठाया और घर के बाहर आ गया। कॉलोनी में सब लोग बाहर निकल चुके थे। पहले भी भूकंप देखे और महसूस किए हैं, लेकिन ये इतनी तेज आवाज वाले भूकंप से पहली बार सामना हुआ।

#### तेजी से बाहर की ओर भागा

“ आमेर रोड निवासी सुशांत विजयवर्गीय ने बताया कि मैं अपने कमरे में सो रहा था। अचानक से पहली बार ऐसी आवाज के साथ भूकंप महसूस किया। कमरे में बेड पर रखा पानी का जग हमारे उपर आ गिरा, मैं अपने बच्चे को लेकर तेजी से नीचे की ओर भागा तो देखा कि लोग सड़क की ओर भागते नजर आ रहे थे।


“ ग्रह-गोचर में मंगल और शनि का सम सप्तक योग बन रहा है। इसके अलावा श्रावण मास में पांच मंगलवार आ रहे हैं। चूंकि, मंगल को भूमिपुत्र माना जाता है। इसलिए भूकंप, भूस्खलन, अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं का योग बन रहा है। जयपुर की राशि मकर होने से यहां का भूभाग शनि के प्रभाव क्षेत्र में आने से भूकंप के योग बने है। 18 अगस्त तक अधिकमास के कारण आगे भी प्राकृतिक आपदाओं का योग बन रहा है।

**पंडित दामोदर प्रसाद शर्मा,**
पंचांग निर्माणकर्ता

**लालकोठी अंडरपास का मामला**

## जालियों से दिक्कत नहीं बस हमारे रास्ते बंद न हों

**बेधड़क** | जयपुर



लालकोठी सब्जी मंडी से लक्ष्मी तंदिर तिराहे तक बन रहे अंडरपास पर जेडीए की ओर से जालियां लगाने का मामला उलझता जा रहा है। इस मामले में व्यापारियों का कहना है कि वे अंडरपास पर जाली लगाने का विरोध नहीं कर रहे हैं, उनका विरोध उनके लिए रास्ता नहीं छोड़ने का है। इस मामले में जेडीए अधिकारियों का कहना है कि लालकोठी स्थित बाजार का नक्शा टाउन प्लानिंग के पास है, नक्शे में बाजार के लिए एक ही गेट सहकार सर्किल की ओर निकाला गया है। फिर अंडरपास में गेट निकालने से यातायात प्रबंधन में परेशानी आएगी। समाधान निकालने के लिए विधायक कालीचरण सर्राफ ने जेडीसी को दो दिन का समय दिया है।

## रास्ते में चारा बेचने वालों के खिलाफ की कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर



ग्रेटर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गुरुवार को झोटवाड़ा जोन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

महापौर ने झारखंड महोदव से वैशाली नगर ई-ब्लॉक, विद्युत नगर, वृंदावन विहार, अजमेरा गार्डन, महात्मा गांधी नगर, विद्युत नगर-सी, गिरनार कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, हीरा नगर-ए, सत्य कॉलोनी, विद्युत नगर और हीरापुरा में पैदल चलकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान आम रास्ते पर हरा चारा बेचते हुए मिलने और चारे से गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर चारे को जब्त कर चालान किया। वैशाली नगर-ई ब्लॉक गार्डन में गंदगी मिलने पर सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी प्रोफाइल, फीडबैक व हूपर्स के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के संबंध में शहरवासियों से फीडबैक लिया गया।

## RU कर्मचारी संघ के चौथी बार अध्यक्ष बने चिराना

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के चुनावों में डॉ. यशपाल सिंह चिराना को चौथी बार अध्यक्ष चुना गया। चिराना ने राकेश यादव को 28 मतों से हराया। चुनावों की मतगणना में चुनाव अधिकारी डॉ.रामेश्वर जाट पर धांधली के आरोप लगे। चिराना ने बताया कि उन्हें मिले 50 वोटों को राकेश यादव के खाते में जोड़ कर पहले उन्हें विजयी घोषित कर दिया। इस पर टीम चिराना के विजयी 13 कार्यकारिणी सदस्यों ने हंगामा किया और रिकॉउंटिंग करवाई। इसमें 50 वोट की धांधली सामने आई और रिकॉउंटिंग के बाद उन्हें 28 वोटो से विजेता घोषित किया।

**अग्र महाकुंभ कल: अग्रवाल समाज दिखाएगा अपनी ताकत, होंगी समाज हित की बातें**

# गैर राजनीतिक होगा मंच, मांगेंगे चुनावों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और ऑल राजस्थान अग्रवाल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में प्रदेश का अग्रवाल समाज रविवार को जयपुर में विराट अग्र महाकुंभ का आयोजन करेगा।

महाकुंभ में 140 विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व होगा। महाकुंभ के अध्यक्ष राजेंद्र केडिया ने बताया कि महाकुंभ में एक लाख से अधिक समाज बंधु प्रदेश के कोने-कोने से शामिल होंगे। इसका मंच पूरी तरीके से गैर राजनीतिक होगा और मंच से सिर्फ समाज हित की बातें की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस महाकुंभ में सबसे प्रमुख मांग विधानसभा चुनावों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की है। प्रदेश की सभी पार्टियों से 20- 20 टिकट देने की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर समाज नोटा का बटन दबाने का फैसला भी कर सकता है। प्रदेश की लगभग 140 विधानसभा सीटों पर अग्रवाल समाज के 40 लाख मतदाता होने के बावजूद भी समाज को मिलने वाली सीटों की संख्या हर चुनाव में कम होती जा रही हैं। यही कारण है कि अब समाज इस विषय को लेकर आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि जयपुर में भी अग्रवाल समाज के 5 लाख मतदाता हैं, लेकिन उस अनुपात में चुनावों में समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। अग्रवाल समाज के लोगों के हित में श्री अग्रसेन कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जाना चाहिए।



फोटो: पंकज शर्मा

#### शहरों और गांवों की होगी महाकुंभ में भागीदारी

अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने बताया कि जयपुर के साथ ही प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अग्रबंधु इस महाकुंभ में शामिल होने पहुंचेंगे। जयपुर के चारों तरफ के ग्रामीण इलाकों में भी बड़े पैमाने पर जनसंपर्क किया गया है। इसके साथ ही इन इलाकों से महाकुंभ में शामिल होने वाले वाहनों का ब्यौरा भी एकत्र किया जा रहा है। अभी तक लगभग 5 हजार वाहनों का रजिस्ट्रेशन महाकुंभ के लिए किया जा चुका है। सभी राजमार्गों पर लगभग दो दर्जन चौक प्वाइंट निर्धारित कर दिए गए हैं। बाहर से वाहनों के माध्यम से आने वाले अग्र बंधुओं के खाने-पीने की व्यवस्था इन चौक प्वाइंट्स पर की जाएगी। साथ ही हर चेक प्वाइंट पर लगभग 20-20 वॉलंटियर्स की टीम भी तैनात रहेगी।

#### ऐसे रहेगी यातायात की व्यवस्था

महाकुंभ में आने वाले वाहनों के लिए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। रविवार को यहां भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है, वहीं यहां आने वाले आगंतुकों के लिए पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं। यातायात व्यवस्था के लिए अलग से टीमें भी तैनात की जाएंगी।

#### 10 हजार कार्यकर्ता नियुक्त

महाकुंभ के मुख्य संयोजक आनंद गुप्ता ने बताया कि जयपुर में अग्रवाल समाज की सभी समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन समितियों के माध्यम से हर समाज बंधु के घर महाकुंभ में शामिल होने की अपील पहुंच रही है। लक्ष्य रखा गया है कि कार्यक्रम के दिन समाज के हर व्यक्ति की उपस्थिति विद्याधर नगर स्टेडियम में हो। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को सफल बनाने के लिए ऑल अग्रवाल समाज सेवा समिति एवं शहर की सभी समाज समितियों के लगभग 10 हजार कार्यकर्ता नियुक्त किए गए हैं, जो राजधानी के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार से लेकर 23 जुलाई को सभा स्थल तक की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### चित्रकूट थाने के हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया

**जयपुर।** जयपुर कमिशनरेट के चित्रकूट थाने में गुरुवार रात को दो एडवोकेट्स को आबकारी अधिनियम व शांतिभंग में गिरफ्तार करने के मामले में एक हेड कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। डीसीपी वेस्ट संजीव नैन के अनुसार एडवोकेट दुष्यंत मीणा ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दी थी कि पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे और उनके साथ बदतमीजी की है।

इधर, पुलिस अधिकारियों के अनुसार अधिवक्ता शराब के नशे में थे। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने विरोध किया तो मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। उसके बाद डीसीपी ने हेड कॉन्स्टेबल भागीरथ मल को लाइन हाजिर कर जांच शुरू करवाई है।

## जिन्हें नाज है हिंद पर आज वो कहां हैं?

# मणिपुर में इंसानियत शर्मसार



**डॉ. सी.बी. यादव**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मणिपुर पिछले ढाई महीने से सांप्रदायिक हिंसा एवं गृह युद्ध की आग से जल रहा है, लेकिन हाल ही में दो कुकी आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करके सार्वजनिक रूप से उन्हें अपमानित करने एवं उसके बाद उन आदिवासी महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार तथा उनकी हत्या करने का जो वीडियो सामने आया है, उसने इस देश की आत्मा एवं मानवता को झकझोर कर रख दिया है। यह वाकया न केवल एक राष्ट्र के रूप में भारत को बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार करने वाली घटना से कम नहीं है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस घटना का संज्ञान लेते हुए घटना पर बेहद दुख जाहिर किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'जो वीडियो सामने आए हैं, उससे हम बेहद परेशान हैं। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को निशाना बनाना संविधान का सबसे बड़ा दुरुपयोग है। अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो हम कार्रवाई करेंगे।' लेकिन उत्तर पूर्व के एक छोटे से राज्य मणिपुर की भयानक एवं मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं से, इनके पीछे के कारणों एवं षड्यंत्रों से देश अभी भी अनजान है। इस हिंसा की जड़ों, इसके दूरगामी परिणामों एवं समाधान की राहों को समझने के लिए मणिपुर की डेमोग्राफी एवं वहां की सामाजिक राजनीतिक स्थिति को समझना बेहद आवश्यक हो जाता है।

मणिपुर उत्तर पूर्व भारत का मात्र 34 लाख की जनसंख्या वाला एक छोटा सा राज्य है। इसमें मेइती, कुकी एवं नागा तीन प्रमुख समुदाय हैं। बहुसंख्यक मेइती समुदाय जो मणिपुर की आबादी का 53 प्रतिशत है। इस समुदाय के बहुसंख्यक लोग हिंदू हैं एवं कुछ प्रतिशत हिस्सा ईसाई है। इसी समुदाय से मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह आते हैं। कुकी जो आबादी का केवल 16 प्रतिशत हैं और आदिवासी समुदाय है और अधिकतर ईसाई हैं। 24 प्रतिशत नागा समुदाय है जो कि वहां का गैर ईसाई आदिवासी समुदाय है। कुकी एवं नागा आदिवासी क्षेत्रों को संविधान प्रदत अधिकार प्राप्त हैं, जिसके तहत इन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी क्षेत्रों में बहुसंख्यक मेइती समुदाय अथवा बाहरी कोई व्यक्ति जमीन नहीं खरीद सकता एवं वहां बसावट भी नहीं कर सकता। वर्तमान हिंसा की जड़ में राज्य सरकार एवं विशेषकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की वह मानसिकता है, जिसके तहत बहुसंख्यक मेइती समुदाय को आदिवासी घोषित करवाने की कोशिश की गई। इस पूरी कोशिश के पीछे मुख्य सूत्र यह है कि मेइती सामुदाय को आदिवासी घोषित करने से बहुसंख्यक मेइती समुदाय को कुकी एवं नागा आदिवासी क्षेत्रों में प्रवेश की खुली छूट प्राप्त हो जाएगी।

इससे मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों की डेमोग्राफी पूरी तरह बदल जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के उस निर्णय का सहारा लिया, जिसमें बहुसंख्यक मेइती समुदाय को आदिवासी घोषित करने के लिए मणिपुर सरकार को केंद्र से संवाद करने की सलाह दी गई थी। राज्य सरकार एवं विशेषकर वहां के मुख्यमंत्री की इसी रुचि के कारण यहां का आदिवासी कुकी एवं नागा समुदाय आशंकित हो गया तथा उसने राज्य सरकार के विरुद्ध 3 मई को विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी प्रतिक्रिया में मणिपुर के बहुसंख्यक मेइती समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक आदिवासी कुकी समुदाय के विरोध पर खुलेआम हिंसा शुरू कर दी गई।

> *राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के उस निर्णय का सहारा लिया, जिसमें बहुसंख्यक मेइती समुदाय को आदिवासी घोषित करने के लिए मणिपुर सरकार को केंद्र से संवाद करने की सलाह दी गई थी। राज्य सरकार एवं विशेषकर वहां के मुख्यमंत्री की इसी रुचि के कारण यहां का आदिवासी कुकी एवं नागा समुदाय आशंकित हो गया तथा उसने राज्य सरकार के विरुद्ध 3 मई को विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी प्रतिक्रिया में मणिपुर के बहुसंख्यक मेइती समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक आदिवासी कुकी समुदाय के विरोध पर खुलेआम हिंसा शुरू कर दी गई। हिंसा की विभीषिका का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले ढाई महीनों में लगभग डेढ़ सौ हत्याएं हो चुकी हैं, ढाई सौ से अधिक चरणों की तोड़फोड़ एवं आगजनी की जा चुकी है।*



> *मणिपुर हिंसा में राहुल गांधी के अतिरिक्त कोई बड़ा नेतृत्व सामने नहीं आया, जिसने हिंसा की आग में जलते हुए मणिपुर को ठंडा करने का तनिक मात्र भी प्रयास किया हो। यह गंभीर सवाल उठता है कि जिन्हें नाज है हिंद पर आज वो कहां हैं? मणिपुर की हिंसा को सिर्फ राजनीतिक चश्मे से देखना ठीक नहीं होगा, बल्कि इंसानियत को मर जाने के चश्मे से देखा जाना ज्यादा समीचीन होगा।*

हिंसा की विभीषिका का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले ढाई महीनों में लगभग डेढ़ सौ हत्याएं हो चुकी हैं, ढाई सौ से अधिक चरणों की तोड़फोड़ एवं आगजनी की जा चुकी है। हजारों घरों को जलाया जा चुका है। 4000 से अधिक पुलिस थानों से हथियारों को लूटा जा चुका है। लगभग 60,000 से अधिक लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। इंटरनेट सेवाएं अभी तक बंद हैं। जब इंटरनेट सेवाएं बहाल होंगी, तब असली तस्वीर सामने आएगी। अभी तक जिस एक वीडियो वायरल को देखकर इस देश का सर्वोच्च न्यायालय शर्मसार हो गया है, जो मणिपुर में हिंसा शुरू होने के सिर्फ एक दिन बाद 4 मई का बताया जा रहा है। जब सच्चाई सामने आएगी तो हो सकता है कि पूरा राष्ट्र एवं मानवता शर्मसार हो जाए। जो सत्ता अभी विदेशों में भारत के प्रधानमंत्री की बढ़ती हुई लोकप्रियता का गुणगान कर रही हो वह वास्तविक तस्वीर सामने आने पर हो सकता है कि दुनिया से आंखें मिलाने से भी कतराने लग जाएं।

मणिपुर की हिंसा को समझने के लिए हमें इसके पैटर्न को भी समझना होगा। यहां की हिंसा में चर्चों को एवं कुकी समुदाय को मुख्य रूप से निशाना बनाया जा रहा है। विशेष बात यह है कि बहुसंख्यक हिंदू मेइती समाज द्वारा अल्पसंख्यक मेइती समाज के चर्चों को भी निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी ओर आदिवासी नागा सामुदाय के विरुद्ध बहुसंख्यक मेइती समाज द्वारा कोई हिंसा नहीं की जा रही है। सबसे रोचक बात यह है कि पुलिस द्वारा दंगाइयों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई अब तक देखने को नहीं मिली है। न यहां के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री द्वारा अब तक बहुसंख्यक मेइती समुदाय द्वारा प्रायोजित हिंसा के विरुद्ध कोई कठोर शब्दों में निंदा या प्रतिक्रिया आई है। इस शर्मनाक घटना पर 36 सेकंड की प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया में भी दुख एवं संवेदना कम राजनीति अधिक महसूस होती है। इससे पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि मणिपुर की हिंसा की जड़ में समुदायों के बीच आपसी हितों की बजाय पूरी तरह सांप्रदायिक हिंसा है। इस पूरी हिंसा के केंद्र में सत्ता का संरक्षण अथवा षड्यंत्र स्पष्ट तौर पर परिलक्षित हो रहा है।

हिंसा का पैटर्न एवं सत्ता की प्रतिक्रिया से यह प्रतीत होता है कि मणिपुर की हिंसा गुजरात दंगों की पुनरावृत्ति के जैसे ही है। क्योंकि गुजरात दंगों में भी सत्ता के संरक्षण से उपजे सांप्रदायिकता एवं नफरत जनित हिंसा ने जिस प्रकार से बहुसंख्यक आबादी को नरभक्षी बना दिया था, बदला लेने में दूसरे समुदाय की महिलाओं का बलात्कार किया गया, यहां तक कि गर्भवती महिलाओं के पेट चीर दिए गए थे। कुछ इसी तरह की पुनरावृत्ति मणिपुर में भी दिखाई दे रही है। उस समय भी केंद्र एवं राज्य दोनों में ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, लेकिन उस समय देश का प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसा एक संवेदनशील राजनीतिज्ञ था, जिसने गुजरात के तात्कालिक मुख्यमंत्री एवं वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधर्म याद दिलाया था, किन्तु आज देश के पास अटल बिहारी वाजपेयी जैसा नेतृत्व नहीं है जो मणिपुर की हिंसा पर किसी मुख्यमंत्री को राजधर्म की याद दिलाए। भारत विभाजन के समय भी कुछ इसी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा एवं भीड़ की मानसिकता उपजी थी, लेकिन तब देश में महात्मा गांधी जैसा व्यक्तित्व था, जिसने प्रभावित क्षेत्रों में निर्भय होकर नंगे पांव यात्राएं की एवं अपने कठोर अनशन की बदौलत संप्रदायिकता में मदहोश दंगाई हिंसक भीड़ की मानवता को जागृत करके देश में अमन चैन एवं भाईचारे को स्थापित किया। वर्तमान मणिपुर हिंसा में राहुल गांधी के अतिरिक्त कोई बड़ा नेतृत्व सामने नहीं आया, जिसने हिंसा की आग में जलते हुए मणिपुर को ठंडा करने का तनिक मात्र भी प्रयास किया हो।

यह गंभीर सवाल उठता है कि जिन्हें नाज है हिंद पर आज वो कहां है? मणिपुर की हिंसा को सिर्फ राजनीतिक चश्मे से देखना ठीक नहीं होगा, बल्कि इंसानियत को मर जाने के चश्मे से देखा जाना ज्यादा समीचीन होगा। यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज मणिपुर की इस हिंसा एवं मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को रोकने के लिए देश के पास इसे रोकने वाला कोई व्यक्तित्व नहीं है। बाकी देश की चुप्पी भी एक भयानक तस्वीर प्रस्तुत करती है। सिर्फ आशा ही की जा सकती है कि इन विकट हालातों में देश में क्या कोई नया महात्मा गांधी नए रूप में सामने आएगा? देश के लोगों की मणिपुर की हिंसा पर चुप्पी लिए सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की उक्त उक्त या सटीक रूप से बैठती है-

***यदि तुम्हारे घर के एक कमरे में***
***आग लगी हो***
***तो क्या तुम दूसरे कमरे में सो***
***सकते हो?***
***यदि तुम्हारे घर के एक कमरे***
***में लाशें सड़ रहीं हों***
***तो क्या तुम दूसरे कमरे में प्रार्थना कर***
***सकते हो?***
***यदि हां तो मुझे तुम से***
***कुछ नहीं कहना है।***

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**व्यंग्य**

# मिक्स वेज पसंद है या कि मजबूरी!



**डॉ. प्रदीप उपाध्याय**
व्यंग्यकार

उन्होंने भी हलवाई का रूप धर लिया है और उसी से प्रेरित होकर वे फिर आ धमके हैं। हर बार की तरह इस बार भी ये ही हलवाई अरे माफ कीजियेगा आज की भाषा में, कैटरर्स मिलकर आपको प्रभावित करने आ रहे हैं। अत्याधुनिक चमक दमक के साथ कुछ नई डिश ला रहे हैं। कॉम्पीटिशन में कैटरर्स का दूसरा समूह भी खम ठोककर तैयार हो रहा है। एक समूह में बहुत मान-मनौव्वल के छब्बीस इकठ्ठा हुए हैं तो दूसरे समूह में कब के बिछड़े आज फिर मिलकर समूह में अड़तीस शामिल हो गए हैं। ये लोग कुछ नया दिखाकर पुराना माल परोसने के मूड में दिखाई दे रहे हैं ताकि तुम्हें ललचा सकें। तुम्हें भरमा सकें। तुमको रिझा सकें। उनको लगता है कि तुम तो जनम-जनम के भूखे हो। पकवानों की थाली देखकर टूट पड़ोगे और उनकी तरफ आशाभरी नजरों से देखने लगोगे। लेकिन यह मत समझ लेना कि वे लंगर लगाने आए हैं या कि भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। वे तुमसे अपने खिलाए का पूरा-पूरा हिसाब कर वसूलने भी आए हैं।

हर बार की तरह अपना मेहनताना वसूल ले जाएंगे। तुम तो हमेशा खाली पेट ही रहते आए हो! कभी तो भरे पेट उन्हें दिखाई नहीं दिए तो अब कैसे दिखाई दोगे। कैटरर्स के दोनों समूह तुम्हें रिझाने ही तो आ रहे हैं। जो रिझाने में सफल हो जाएगा, बाद में अपने सामने ता-ता थैया ही तो करवाएगा। आखिर कब तक ऐसे भूखे बनकर उनके सामने नतमस्तक होते रहोगे। आज तक क्या तुम्हारा पेट भरा है जो अब भर पाएगा। तुम्हारी भूख है कि खत्म होने का नाम ही नहीं लेती। क्या तुम्हारी भूख सदियों पुरानी भूख है। क्या यह चिरकाल से चलती चली आई है। मिटाने पर भी नहीं मिट रही है। विरासत में तुम्हें यहीं भूख ही मिली है और क्या यही मिलती आई है। क्यों ऐसे भूखे बने बैठे हो। रेवड़ियां खाकर भी तुम्हारी भूख शांत नहीं हो रही हैं। क्या उनकी भूख तुम्हें दिखाई नहीं देती! शायद इसीलिए ऐसे में वे तुम्हारी भूख मिटाने के और भी करतब करेंगे, नई-नई तरकीबें बताएंगे, नए-नए पकवान दिखाएंगे। वे बताएंगे कि खाली-पीली रोटी कहां तुम्हारी भूख मिटा सकती है। तुम्हें वह अच्छी भी तो नहीं लगती। कहेंगे कि अब तुम्हारा जायका बदलकर रख देंगे। अच्छी-अच्छी, बहुत सुस्वादु अलग तरह की डिश इस बार लेकर आएंगे। जिन्होंने पहले भी तुम्हारी भूख शांत करने की कोशिश की वे भी और जिनपर तुमने पहले भरोसा नहीं किया,वे भी।

वैसे तो सभी तुम्हारी भूख बढ़ाने में ही सहभागी बने हैं किन्तु कहते यही हैं कि वे तुम्हारी भूख मिटाने आए हैं। लेकिन क्या तुम्हें लगता है कि वे भरोसे के काबिल हैं! हर बार तुम कहते तो यही हो कि कोई भरोसे के काबिल नहीं है लेकिन फिर तुम भरोसा कर बैठते हो। अब वे तो रिसोर्ट-रिसोर्ट घूमकर हिल स्टेशनों पर तफरीह के बाद भी तुम्हें संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। लगता है कि कहीं कुछ खालीपन रह गया है, कुछ अधूरा सा है, तब छप्पन भोग भी कम पड़ने लगते है, संतुष्टि नहीं देते। किन्तु फिर भी वे तुम्हें लुभाएंगे अब तो सब्जियां कुछ इस तरह से परोसीं जा रही हैं कि पता ही नहीं चलता कि यह किस तरकारी से बनी है। सब तालमेल। मिठाइयां भी कुछ इसी तरह की जैसे राजनीति के घालमेल। चाहे छब्बीस तरह की तरकारी की तरह हो, चाहे अड़तीस तरह की, सबमें स्वाद एक सा। मिक्स वेज की खासियत ही यही है कि पहचान करना ही मुश्किल कि उसमें स्वाद तरकारी का है या मसालों का। रोटी के साथ सब्जी भी उस तरह की ही थाली में जगह बना लेती है जैसे कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा। बिल्कुल मिक्स वेज! कहते हैं कि अब मिक्स वेज ही पहली पसन्द बन गई है। देश में हो या परदेस में। लेकिन इसे पसंद कहें या कि मजबूरी।




**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
**@RahulGandhi**
प्रधानमंत्री जी, मुद्दा यह नहीं है कि यह देश के लिए शर्म की बात है, मुद्दा मणिपुर की महिलाओं को हुए अथाह दर्द और आघात का है, हिंसा तुरंत बंद करवाइए।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
न्यूनतम आय की गारंटी के अधिकार वाला पहला व अकेला राज्य बन रहा राजस्थान।



**मायावती,** पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
**@Mayawati**
मणिपुर में महिलाओं के साथ भीड़ द्वारा जो दरिंदगी की गई वह अत्यन्त ही दुःखद, शर्मनाक तथा दिल को दहलाने वाली घटना है। राज्य व केंद्र की सरकार को भी ऐसे आपराधिक तत्वों को इतनी सख्त सजा दिलवानी चाहिए ताकि इस प्रकार के जघन्य अपराध की आगे कहीं भी पुनरावृत्ति न हो सके।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
तुमसे नहीं होगा, बस इसी बात को पलटना है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
किसी भी चीज में निपुणता पूर्ण भक्ति के बिना नहीं आती।

## नॉलेज कॉर्नर: बंदूक की गोली का भी सामना कर सकता है इसका कवच

# 300 साल तक जिंदा रहता है 'कछुआ'

इस संसार में कई प्रकार के जीव मौजूद हैं। जलीय, थलीय तथा विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तु धरातल पर मौजूद हैं। सभी जीवों की अपनी अलग पहचान तथा विशेषताएं होती हैं। ऐसा ही एक जीव कछुआ है, जो वर्षों तक जीवित रहता है। इसके बारे में कहा जाता है, धरातल पर सबसे अधिक अवधि तक जीने वाला जन्तु कछुआ ही है। अगर बात करें कि धरती पर सबसे अधिक समय तक जीवित रहने वाले जीव की तो, वह कछुआ ही है। इसकी यही खूबी कछुए को बाकी जीवों से अलग बनाती है। कछुए टेस्टूडनीज नामक सरीसृपों के जीव वैज्ञानिक गण के सदस्य हैं। इनके शरीर पर बना कवच इनकी रक्षा करता है।अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### वर्तमान में कछुए की प्रजातियां

कछुओं का इतिहास बहुत पुराना है, यह 15.7 करोड़ वर्षों से अस्तित्व में है। इनकी उत्पत्ति सर्पों तथा मगरमच्छों से भी पहले हुई थी। इस कारण वैज्ञानिक कछुओं को प्राचीनतम सरीसृपों में से एक मानते हैं। वर्तमान में कछुओं की 327 जातियां अस्तित्व में हैं। कछुआ 300 वर्ष जिंदा रह सकता है। वर्तमान में कछुओं का अस्तित्व संकट में है, इसकी कई प्रजातियां लुप्त होती जा रही हैं। कछुए की कई जातियां खतरे में हैं इसलिए उनका संरक्षण करना एक चिंता का विषय है। इनके संरक्षण के लिए वर्ष 1989 में ओडिशा राज्य के भीतर कनिका में भारत की एकमात्र कछुआ संरक्षण परियोजना शुरू हुई। कुछुए के शरीर का कवच दो भागों में बंटा हुआ है, इसके ऊपरी भाग को कारापेश तथा निचले भाग को प्लास्ट्रन कहते हैं। वैज्ञानिकों को कछुए का एक 12 करोड़ साल पुराना जीवाश्म मिला था।



### कुछ खास बातें

- यह अंटार्कटिका के अलावा सभी महाद्वीपों पर रहते हैं।
- इनका कवच बंदूक की गोली का भी सामना कर सकता है।
- इसे तोड़ने के लिए उनके वजन से 200 गुना ज्यादा वजन की जरूरत पड़ती है।
- बाज पक्षी कछुए का कवच तोड़ सकते है।
- इनके मुंह में दांत नहीं होते, जबकि एक तीखी प्लेट की तरह हड्डी का पट्ट होता है।
- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मुताबिक यह अधिकतम एक किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकता है।

**सभी रंगों को देख सकता है यह जीव**

*कछुओं के रेटिना में असामान्य रूप से बड़ी संख्या में कोशिकाएं होती हैं। इस कारण यह रात के अंधेरे में आसानी से देख लेते हैं। यह पराबैंगनी किरणों से लेकर लाल रंग सहित सभी रंगों को भी देख सकते हैं। कछुवे को मारवाड़ी में काछबा, अंग्रेजी में टर्टल तो छत्तीसगढ़ी भाषा में केछवा कहा जाता है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

**वर्कशॉप:** पूर्णिमा इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय कार्यशाला में जुटे इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रतिनिधि

# फैकल्टी मेंबर्स ने जाने RTU व IBM के बीच एमओयू के फायदे




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों के फैकल्टी मेंबर्स ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी व आईटी कंपनी आईबीएम के बीच हाल ही हुए एमओयू से मिलने वाले फायदों के बारे में समझा।

पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) और पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से आईबीएम टेक्नोलॉजीज पर आरटीयू की ओर से प्रायोजित दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के संबद्ध सभी कॉलेजों के प्रतिनिधियों को आरटीयू व आईबीएम टेक्नोलॉजीज के बीच हुए एमओयू के बारे में जानकारी दी गई, जिसका भविष्य में सभी कॉलेज फायदा उठा सकेंगे।

वर्कशॉप के उद्घाटन समारोह में आरटीयू के प्रो. डॉ. राजीव गुप्ता गेस्ट ऑफ ऑनर थे। आरटीयू से ही डॉ. डी के पलवालिया और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक भाटिया विशेष आमंत्रित अतिथि थे। गगन अग्रवाल ने वर्कशॉप में प्रतिभागियों को विभिन्न आईबीएम मॉड्यूल्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन मॉड्यूल्स का उपयोग सिलेबस से हटकर सीखने के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि आरटीयू व आईबीएम के बीच हुए एमओयू से स्टूडेंट्स व फैकल्टी मेंबर्स को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग व आईओटी जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों को सीखने में लाभ मिलेगा। यह एमओयू स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सहायता करेगा।

पीआईईटी के डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने स्टूडेंट्स की स्किल डवलपमेंट के लिए इंजीनियरिंग शिक्षा में नवीनतम तकनीकों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### एमओयू में इन मुद्दों पर बनी सहमति

आरटीयू व आईबीएम के बीच एमओयू में आईबीएम द्वारा संचालित ऑनलाइन कोर्सेस, आईटी क्षेत्र से संबंधित पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या डिजाइन व विकसित करना, इंजीनियरिंग, एमसीए व अन्य विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का संचालन, आईबीएम की अनुसूची और अवधि पाठ्यक्रमों के बीच परस्पर सहमति, आईबीएम एमओओसी के लॉन्च की घोषणा, मेजर और माइनर पाठ्यक्रम, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग, स्किल डेवलपमेंट के नवीन अवसर, आईटी एवं शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन एवं आरटीयू से सम्बद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों में इनके सफल क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर आईबीएम के साथ सहमती बनी है।

## Yuva स्टोरीज




**ओमप्रकाश जैन बने रोटरी क्लब जयपुर प्राइड के अध्यक्ष |**
**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर प्राइड की 2023-24 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रान्तपाल रोटरी इंटरनेशनल प्रान्त-3056 निर्मल कुणावत ने ओम प्रकाश जैन को अध्यक्ष, सुनील गौड़ को सचिव व अन्य को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्लब के नए सदस्यों उर्मिला गोयल, लक्ष्मी जैन, रेणु कासलीवाल, पूजा जैन, सुमित पारीक, निशान्त गुप्ता व अभिषेक गोस्वामी को रोटरी पिन पहनाकर क्लब की सदस्यता ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिक्किम हाइकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन. के. जैन ने शिरकत करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को मोटिवेट किया। अन्य अतिथियों में प्रान्त सचिव दीपक सुखाड़िया, सहायक प्रान्तपाल अश्विनी चौबीसा व वर्ष 2024-25 के लिए चुनी गई प्रान्तपाल राखी गुप्ता ने भाग लिया और मार्गदर्शन किया।



**महारानी स्कूल में इंग्लिश मीडियम भवन का लोकार्पण|**
**जयपुर।** शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा है कि जन सहयोग से शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जा सकता है। आम जन की भागीदारी से द्रुत गति से विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्य मे भामाशाहों के प्रयासों से शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कल्ला शुक्रवार को बनीपार्क के महारानी स्कूल परिसर में अंग्रेजी माध्यम स्कूल के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भामाशाहों के सेवाभाव से ही आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। उन्होंने युवा उद्यमियों के संगठन राउंड टेबल इंडिया के जयपुर चैप्टर की सराहना करते हुए कहा कि युवा उद्यमी समाज सेवा के लिए आगे आ रहे हैं यह अच्छी बात है। विद्यालय निर्माण से जुड़े अर्जुन बाहेती ने बताया कि इस स्कूल भवन का निर्माण राउंड टेबल इंडिया के जयपुर चैप्टर के सहयोग से कराया गया है। इस पर 1 करोड़ 60 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इसमें 18 कक्ष बनाए गए हैं। यहां कक्षा 1 से कक्षा 9 तक के बच्चे पढ़ सकेंगे। 1300 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्मित इस स्कूल में एक शिफ्ट में 480 बच्चे अध्ययन कर सकेंगे। अब तक इस स्कूल में 350 बच्चों का प्रवेश हो चुका है। यहां करीब 850 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। थे। कार्यक्रम के दौरान विधायक आमीन कागजी भी मौजूद रहे।



**प्रतिनियुक्ति के लिए होंगे ऑनलाइन इंटरव्यू, आवेदन 23 तक |**
**जयपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रिक्त पदों को ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 23 जुलाई को रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन रिक्त पदों के लिए डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल स्थित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद कार्यालय की ओर से 1 से 7 अगस्त तक ऑनलाइन इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। ये साक्षात्कार राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद मुख्यालय में उपनिदेशक, सहायक निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक निदेशक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में सहायक परियोजना समन्वयक व कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-द्वितीय व संदर्भ व्यक्ति के संभावित रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए होंगे। प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक पात्र अभ्यर्थी राज्य, जिला एवं ब्लॉक की पदवार संभावित रिक्तियां, आवेदन प्रक्रिया, साक्षात्कार तिथि एवं दिशा-निर्देश आदि का विवरण परिषद की वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in एवं शाला दर्पण http://rajshaladarpan.nic.in पर देख सकते हैं।

**छह सप्ताह का सामाजिक प्रशिक्षण सम्पन्न**

# UPES के स्टूडेंट्स ने टाइम बैंक से पढ़ा सेवा का पाठ




**बेधड़क** | जयपुर

यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज देहरादून (UPES) के सृजन सोशल इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित छात्र-छात्राओं का छह सप्ताह का सामाजिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समाप्त हुआ।

यह प्रक्षिक्षण कार्यक्रम टाइम बैंक के जयपुर, चंडीगढ़, मोहाली एवं हैदराबाद चैप्टर्स की ओर से 1 जून को एक साथ प्रारम्भ किया गया था। समापन समारोह में आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर अशोक गुप्ता ने बताया कि टाइम बैंक देश भर में एकाकी बुजुर्गों का सहारा बनने का संकल्प लेकर जयपुर से प्रारम्भ किया गया था। समारोह में अशोक गुप्ता एवं यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार राखी गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रशिक्षण के दौरान टाइम बैंक के नोडल अधिकारी अशोक जैन और सदस्य रेखा गुप्ता ने छात्रों को टाइम बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में बताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ नागरिकों और एकाकी बुजुर्गों के साथ समय भी व्यतीत किया। व्यवहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से जिन लोगों ने बीमारी के दौरान या अन्य प्रकार की सेवा पूर्व में ली थी, ऐसे लोगों के अनुभवों से प्रशिक्षु लाभान्वित हुए।

टाइम बैंक के विभिन्न एडमिन और सदस्यों ने छात्रों के साथ मिलकर कार्य किया। प्रशिक्षण का कार्य जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। प्रशिक्षुओं ने पुलिस थानों से संपर्क कर वरिष्ठ नागरिकों की सूची प्राप्त कर उनसे संपर्क किया। साथ ही विभिन्न पब्लिक पार्कों में सुबह के समय जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें टाइम बैंक से जुड़ने की आवश्यकता बताई।

टाईम बैंक प्रमोशन कमेटी के चेयरमेन और टाइम बैंक के सह-संस्थापक पी सी जैन ने टाईम बैंक के सभी एडमिन्स का आभार प्रकट किया।

### बुजुर्गों की सेवा करता है टाइम बैंक

टाइम बैंक की स्थापना 2019 में की गई थी। इसके माध्यम से एकाकी जीवन जी रहे बुजुर्गों को नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाती है। बीमारी में देखभाल से लेकर किसी भी प्रकार की सहायता और सेवा सदस्य एक दूसरे को देते हैं। टाईम बैंक का स्लोगन है 'हम पैसा नहीं समय जमा करते हैं।' टाईम बैंक के अनिल खोसला ने बताया कि 15 शहरों के 4000 से अधिक सदस्य इस कार्य से जुड़ चुके है।

## रोजगार मेले में 100+ युवाओं को मिले अवसर

**बेधड़क** | जयपुर



सीतापुरा स्थित एनएवी में आयोजित रोजगार मेले में सौ से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। रोजगार मेले में सीएमए, सीएस, एमबीए व सीए समेत कॉमर्स और फाइनेंस से जुड़े युवाओं के इंटरव्यू आयोजित किए गए। चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए गए। साक्षात्कार में पांच सौ से अधिक युवाओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए सुबह से ही प्रदेशभर से युवाओं का एकत्रित होना शुरू हो गया था। एमडी अनिल अग्रवाल और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लवलीश रुपानी ने बताया कि वर्तमान में जयपुर में आईटी सेक्टर मे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में अवसर हैं। एनएवी की ओर से समय समय पर बड़े पैमाने पर इस तरह के रोजगार मेले आयोजित कर उन्हें अवसर दिए जाते हैं।

**फिजियोथैरेपी कॉलेज का दीक्षारंभ**

## लाभ के लिए नहीं सेवा के लिए बनाया कॉलेज



**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी के फिजियोथैरेपी व संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान कॉलेज की शुक्रवार को शुरुआत हुई। यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने कॉलेज के उद्घाटन पर स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ में पहले बैच के स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि यह कॉलेज लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि मेडिकल क्षेत्र में इस पहल के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए बनाया गया है।

इस कॉलेज के माध्यम से भविष्य के लिए उत्कृष्ट फिजियोथैरेपिस्ट तैयार करने की पुरजोर कोशिश रहेगी। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने नए छात्रों को नॉलेजिबल अनुभव शेयर किए। साथ ही उन्हें कॉलेज का पहला बैच होने की विरासत बनाने के लिए प्रेरित किया।

फिजियोथैरेपी और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. भंवर सिंह ठाकर ने नए छात्रों को रोगी के पूर्ण स्वास्थ्य में सुधार के लिए फिजियोथैरेपी के महत्व से अवगत कराया। नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, जयपुर में फिजियोथैरेपी विभाग के अग्रणी फिजियोथैरेपिस्ट और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विकास माथुर ने मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में स्टूडेंट्स के साथ सक्सेस स्टोरीज शेयर की।

### मिलेगी BPT, MPT और PhD की उपाधि

इस कॉलेज में बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, मास्टर ऑफ फिजियोथैरेपी और फिजियोथेरेपी में पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। बैचलर प्रोग्राम चार साल की स्नातक डिग्री के लिए होगा। समारोह में महात्मा गांधी फिजियोथैरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मधुसूदन तिवारी, वीजीयू के प्रिंसिपल डॉ. भूपेश गोयल, राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस विभाग की डीन डॉ.सुनीता शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**शुरुआत** | सेंट सोल्जर स्कूल में शुरू हुआ एनसीसी कैंप

# देशभक्ति के संकल्प के साथ अनुशासन की 'तपस्या'

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश के 22 स्कूलों और 20 कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स शुक्रवार से दस दिवसीय शिविर के लिए जयपुर में सी स्कीम स्थित सेंट सोल्जर स्कूल में जुटे। जयपुर ग्रुप एनसीसी की ओर से प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी का संयुक्त व प्री थल सैनिक शिविर शुक्रवार को शुरू हुआ। इस शिविर में 570 कैडेट्स दस दिन तक आर्मी टैक्नीक्स के साथ ही देशभक्ति, अनुशासन और जीवन जीने की कला का पाठ पढ़ेंगे।

शिविर का उद्घाटन कैंप कमांडेंट कर्नल जितेंद्र सिंह मलिक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह व विद्यालय की प्रधानाचार्य सोनम शर्मा ने किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जितेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि एनसीसी एकता और अनुशासन के साथ देशभक्ति सिखाने की पाठशाला है। इसके साथ ही यह युवाओं को जीवन जीने की कला भी सिखाती है। विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने अपने उद्बोधन में विश्व के सबसे बड़े वर्दीधारी यूथ संगठन एनसीसी का महत्व बताया और 10 दिवसीय कार्यक्रम को विद्यालय परिसर के लिए गौरव का विषय बताकर आभार व्यक्त किया।

शिविर के पहले दिन राज्य के अलग अलग जिलों से पहुंचे छात्र व छात्रा कैडेट्स में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कैडेट्स एक दूसरे से मिलकर जान-पहचान बनाते व अपने अनुभव साझा करते दिखाई दिए।

### एनसीसी के आधारों की दी जानकारी



शुक्रवार को पहले दिन विद्यालय परिसर में एनसीसी कैम्प में भाग लेने वाले सभी कैडेट्स का नामांकन संपन्न किया गया। शिविर के दौरान प्रशिक्षण का समन्वय व संचालन प्रशिक्षण टीम द्वारा किया गया। कैडेट्स को पहले दिन एनसीसी की भूमिका , उद्देश्य, आदर्श वाक्य संगठन, एनसीसी गीत, एनसीसी शपथ, मैप रीडिंग व करंट अफेयर्स की जानकारी दी गई। कैडेट्स को पीजीएमई और सामाजिक कार्यों से भी अवगत कराया गया। 26 जुलाई को कैंप में कैडेट्स व अधिकारी कारगिल विजय दिवस मनाएंगे। छात्रवृत्ति और पुरस्कार के साथ कैडेट्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**जरूरी खबर**

## मानहानि मामले में पूर्णेश व गुजरात सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'मोदी उपनाम' को लेकर की गई विवादित टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अर्जी पर गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी और प्रदेश सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी। हाई कोर्ट ने मामले में राहुल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश पी के मिश्रा की पीठ ने पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किए।

## ममता के आवास में घुसने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास में घुसने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने बताया कि व्यक्ति ने काला कोट पहन रखा था और उसकी पहचान नूर आलम के तौर पर हुई है। आलम की कार पर 'पुलिस' का स्टीकर लगा था। घटना के वक्त ममता अपने आवास पर ही थीं। गोयल ने कहा, आरोपी ने हथियार, एक खुखरी, गांजा और सीमा सुरक्षा बल एवं अन्य विभिन्न एजेंसियों के कई पहचान पत्र रखे थे। वह मुख्यमंत्री से मिलना चाहता था। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसकी वास्तविक मंशा क्या थी।

## न्यायाधीशों के प्रोटोकॉल से दूसरों को न हो असुविधा

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि न्यायाधीशों को प्रोटोकॉल सुविधाओं का इस्तेमाल इस तरीके से नहीं करना चाहिए कि दूसरों को असुविधा हो या न्यायपालिका को लोगों की आलोचनाओं का सामना करना पड़े। सीजेआई ने पत्र में हाल की एक घटना पर नाखुशी जताई, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश ने ट्रेन की एक यात्रा के दौरान उनकी आवश्यकताओं को पूरा न करने के लिए रेलवे प्राधिकारियों से जवाब मांगा था। उन्होंने 19 जुलाई को यह पत्र लिखा था।

## कोलकाता: 'शहीद दिवस' रैली में उमड़े लोग



*कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को कोलकाता में 'शहीद दिवस' रैली आयोजित की गई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रैली को संबोधित किया। रैली में राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। -पीटीआई*

## अनुमति के बिना JKLF प्रमुख पहुंचा SC, सनसनी



**नई दिल्ली।** आतंकी वित्तपोषण मामले में तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे जेकेएलएफ के प्रमुख यासीन मलिक ने शुक्रवार को अदालत कक्ष में पहुंचकर सुप्रीम कोर्ट में सनसनी मचा दी। मलिक को अदालत की अनुमति के बिना कारागार के वाहन में सुप्रीम कोर्ट परिसर में लाया गया था और इस वाहन को सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा दी हुई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि उच्च जोखिम वाले दोषियों को व्यक्तिगत तौर पर पैरवी करने के लिए अदालत कक्ष में आने की मंजूरी देने की एक प्रक्रिया है। मेहता ने केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को पत्र लिखकर 'सुरक्षा में गंभीर खामी' से अवगत कराया है।

### संसद में दूसरे दिन भी हंगामा, विपक्ष ने की पीएम के बयान की मांग

# मणिपुर हिंसा पर सदन में लगे 'जवाब दो, जवाब दो' के नारे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी मणिपुर हिंसा की प्रतिध्वनि सुनाई दी और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा में कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका।

दोनों सदनों में प्रश्नकाल, शून्य काल के साथ साथ शुक्रवार को होने वाला गैर सरकार कामकाज भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब सवा बारह बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई, वहीं राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न ढाई बजे पुनः शुरू होने के एक मिनट के भीतर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सदन के उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर मणिपुर मुद्दे पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा, हम चाहते हैं कि इस पर सदन में चर्चा हो, लेकिन यहां कुछ ऐसे राजनीतिक दल हैं जो ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर सदन में चर्चा न हो। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दल मणिपुर हिंसा के मामले में अपनी मांग उठाने लगे।



कांग्रेस, द्रमुक और वामदलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे। कुछ सदस्यों के हाथों में तख्तियां थी जिन पर लिखा था, इंडिया चाहता है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं। कुछ अन्य सदस्य 'जवाब दो, जवाब दो' के नारे लगा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि नारे लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि यह चर्चा और संवाद से ही होगा। विपक्षी दलों के सदस्यों के नारेबाजी जारी रखने के बीच बिरला ने रक्षा मंत्री को अपनी बात रखने को कहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष गंभीर नहीं दिखाई पड़ता है। ज्ञात रहे कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना का वीडियो बुधवार को सामने आने के बाद इस घटना के खिलाफ देशभर में आक्रोश देखा गया है। राज्यसभा में मणिपुर हिंसा, दिल्ली के सेवा मामले पर अध्यादेश के अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद सरकार द्वारा उसके स्थान पर विधेयक लाए जाने और सदन की कार्यवाही से कुछ अंशों को हटा देने के मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

## महिलाओं को निर्वस्त्र करने चारों आरोपी 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेजे



### एक संदिग्ध के घर को लगाई आग

**इंफाल।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें घुमाने के मामले के सभी चार आरोपियों को शुक्रवार को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। ये गिरफ्तारियां 19 जुलाई को घटना का 26 सेकेंड का वीडियो सामने आने के एक दिन बाद गुरुवार को की गईं। पुलिस ने बताया कि आक्रोशित भीड़ ने शुक्रवार दोपहर को एक अन्य संदिग्ध के घर को जला दिया है। उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इस संदिग्ध का मकान थोउबल जिले के वांगजिंग में था। एक अधिकारी ने बताया, यह पता चलने पर कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है, आरोपित संदिग्ध फरार हो गया। घटना के संबंध में शिकायत करीब एक माह पहले 21 जून को कांगपोकपी जिले के सैकुल थाने में दर्ज कराई गई थी।

### FIR में दावा: भीड़ ने किया था गांव पर हमला, घरों को लूटा

**इंफाल।** मणिपुर में तकरीबन एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ ने कांगपोकपी जिले के एक गांव पर हमला किया और मकानों को लूटा, उनमें आग लगाई, हत्या की तथा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने से पहले उनसे दुष्कर्म किया। इन महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरा देश आक्रोशित है और घटना के विरोध में जगह जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इस मामले में 21 जून को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसकी एक प्रति 'पीटीआई-भाषा' ने देखी। इसमें आदिवासी महिलाओं के अपहरण और उनसे शर्मनाक बर्ताव से पहले हुए जुल्म की दास्तां का उल्लेख है।

### पूर्व सैनिक का दर्द: देश के लिए लड़ा, पर को अपमानित होने से नहीं बचा सका

**इंफाल।** मणिपुर में भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर घुमाई गई दो महिलाओं में से एक के पति एवं करगिल युद्ध में हिस्सा ले चुके पूर्व सैन्यकर्मी ने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्होंने देश की रक्षा की, लेकिन वह अपनी पत्नी को अपमानित होने से नहीं बचा सके। पीड़िता के पति ने एक समाचार चैनल को बताया, मैंने करगिल युद्ध में देश के लिए लड़ाई लड़ी और भारतीय शांति सेना के हिस्से के रूप में श्रीलंका में भी तैनात रहा था। मैंने देश की रक्षा की, लेकिन मैं निराश हूं कि अपनी सेवानिवृत्ति के बाद, मैं अपने घर, अपनी पत्नी और साथी ग्रामीणों की रक्षा नहीं कर सका... मैं दुखी और उदास हूं।

### केंद्रीय टीम क्यों नहीं भेजी गई: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आश्चर्य भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के बाद कई केंद्रीय दल भेजे, लेकिन मणिपुर में कोई केंद्रीय दल क्यों नहीं भेजा गया?यहां पार्टी की वार्षिक 'शहीद दिवस' रैली में बनर्जी ने विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन 'इंडिया' के प्रति अपनी एकजुटता जाहिर की और कहा कि उनका मिशन भाजपा को सत्ता से बाहर करना है।

### उत्तराखंड: बारिश के बाद भूस्खलन

## बदरीनाथ राजमार्ग कई जगह अवरुद्ध

**एजेंसी** | गोपेश्वर (उत्तराखंड)

भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन का मलबा आ जाने से चमोली जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार को नंदप्रयाग से बदरीनाथ के बीच पांच स्थानों पर अवरुद्ध हो गया। चमोली जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कर्णप्रयाग-नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग भी गैरसैण के समीप कालीमाटी में भूधंसाव के कारण आवागमन के लिए बंद हो गया है। सड़कों को खोलने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। सुबह भारी बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में सड़क की नालियां बंद होने से घरों के आसपास पानी भरने की भी सूचना है।

### कुल्लू में बादल फटा



*हिमाचल के कुल्लू जिले के एक गांव में बादल फटने से क्षतिग्रस्त आवासीय इलाका।*

### मलबे से छह और शव मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के भूस्खलन प्रभावित इरशालवाड़ी गांव में खोज और बचाव दलों ने शुक्रवार को मलबे से छह और शव बरामद किए। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है जबकि 86 लोग लापता हैं। मृतकों में नौ पुरुष, इतनी ही महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं।

### यमुना: जलस्तर खतरे के निशान के पार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में यमुना का जल स्तर शुक्रवार को एक बार फिर 205.33 मीटर के खतरे के निशान को पार कर गया। दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर नजर रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का इंतजाम करने का निर्देश दिया है।

## जनआक्रोश रैली में प्रियंका



*ग्वालियर। कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को ग्वालियर में आयोजित जनआक्रोश रैली में मौजूद पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ। -पीटीआई*

### भारत-श्रीलंका दृष्टिपत्र मंजूर

# आर्थिक साझेदारी को किया जाएगा और मजबूत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ शुक्रवार को विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की और आर्थिक गठजोड़ को विस्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी दृष्टिपत्र को अंगीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने विक्रमसिंघे के साथ बातचीत में श्रीलंका में तमिल समुदाय के लिए सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया।



विक्रमसिंघे दो दिवसीय यात्रा पर गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। पिछले साल अभूतपूर्व आर्थिक संकट से प्रभावित होने के बाद से श्रीलंका के किसी वरिष्ठ नेता की यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया को दिए बयान में पिछले वर्ष श्रीलंका में आई आर्थिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा, हमेशा की तरह, हम इस संकट काल में भी श्रीलंका के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। आज हमने आर्थिक गठजोड़ के लिए एक दृष्टिकोण पत्र (विजन डॉक्यूमेंट) को अपनाया है। यह दृष्टिकोण पर्यटन, बिजली और कारोबार तथा उच्च शिक्षा, और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने का है।

पीएम ने कहा, यह श्रीलंका के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का है। श्रीलंका में यूपीआई भुगतान प्रणाली शुरू करने के समझौते से दोनों पक्षों के बीच फिनटेक संपर्क स्थापित होगा। हमारा मानना है कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित और विकास एक- दूसरे से जुड़े हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा, हमारा मानना है कि भारत की प्रगति उसके पड़ोसियों और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए फायदेमंद है।

### यह होगी पहल

- विद्युत ग्रिड को जोड़ने के काम किया जाएगा तेज
- आर्थिक और प्रौद्योगिकी करार पर बातचीत होगी शुरू
- पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए व्यवहार्यता का होगा अध्ययन
- दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए एक पुल की व्यवहार्यता पर होगा विचार

### रिलायंस इंडस्ट्रीज: डिविडेंड का ऐलान

## पहली तिमाही में 16011 करोड़ रुपए का मुनाफा

**एजेंसी** | मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 16011 करोड़ रुपए रहा है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 17955 करोड़ रुपए था। इस तिमाही के दौरान कंपनी की आय 2.07 लाख करोड़ रुपए रही है।

एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी की आय 2.19 लाख करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान कंपनी के मार्जिन में सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने निवेशकों के लिए 9 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी के अनुसार पहली तिमाही के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का एबिटडा(ब्याज,कर व मूल्य ह्रास पूर्व की आय) 38093 करोड़ रुपए पर रहे हैं। पिछले साल की इसी तिमाही में एबिटडा 37997 करोड़ रुपए था। वहीं मार्जिन पिछले साल के 17.3 फीसदी के मुकाबले 18.3 फीसदी पर पहुंच गए हैं।

### फ्यूचर रेडी हेल्थ केयर इकोसिस्टम बनाने और मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने पर फोकस

# 1000 लोगों पर हों 5 डॉक्टर

## राजस्थान हेल्थ केयर कॉन्क्लेव का उद्घाटन




बेधड़क | जयपुर

चिरंजीवी योजना से 1.4 करोड़ परिवारों को जोड़ा गया है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को शामिल करने के लिए इसका दायरा और बढ़ाया जा रहा है। जल्द 10 लाख और परिवारों को इसके दायरे में लाया जाएगा। चिरंजीवी योजना में 1800 लाभ पैकेज हैं और अंग प्रत्यारोपण आदि के विशेष पैकेज हैं। यह जानकारी शुक्रवार को चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शुभ्रा सिंह ने दी। वे जयपुर में राजस्थान हेल्थकेयर कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण के उद्घाटन में बोल रही थीं।

कॉन्क्लेव का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), राजस्थान द्वारा चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इसका फोकस 'फ्यूचर रेडी हेल्थ केयर इकोसिस्टम बनाने और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने' पर रहा। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी ने देश में हेल्थकेयर सिस्टम पर चर्चा की।

उन्होंने बताया, कि भारत में डॉक्टर पेशेंट अनुपात प्रति 1000 जनसंख्या पर 0.9 डॉक्टर्स है, जबकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह प्रति 1000 जनसंख्या पर 5 डॉक्टर्स होना चाहिए। देश में डॉक्टर्स के पलायन का प्रतिशत सबसे अधिक है, क्योंकि डॉक्टर काम करने के लिए दूसरे देशों में चले जाते हैं। भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और तृतीयक हेल्थ केयर में और सुधार करने की जरूरत है।

### मेडिकल टूरिज्म से व्यापार-स्टार्टअप्स के अवसर

सीआईआई राजस्थान चेयरमैन अभिनव बांठिया ने कहा- मेडिकल टूरिज्म भारत में व्यापार और स्टार्टअप्स के लिए कई अवसर प्रस्तुत करता है। राजस्थान मेडिकल टूरिज्म के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य के रूप में उभरा है। राज्य अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक और वेलनेस सेंटर्स के लिए जाना जाता है। दूसरी ओर राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज कुलपति डॉ. एम के रमेश ने कहा, कि भारत में कुछ वर्षों में जीवन प्रत्याशा में सुधार हुआ है। गर्व की बात है कि पोलियो, चेचक जैसी बीमारियां खत्म हो चुकी हैं। उन्होंने रिकॉर्ड रखरखाव में टेक्नोलॉजी के उपयोग का सुझाव दिया।

### तकनीक ने देश में बढ़ाई हेल्थ केयर

प्रोग्राम में कन्वीनर-पैनल ऑन हेल्थकेयर 2023-24 डॉ. बलवीर एस तोमर ने कहा कि नवाचारों ने हेल्थ केयर में बदलाव लाया है। टेली मेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, ऑगमेंटेड रिएलिटी, वर्चुअल रिएलिटी, रोबोटिक्स, 3-डी प्रिंटिंग आदि ने भारत में हेल्थ केयर को बढ़ावा दिया है। इसके परिणामस्वरूप देश में विश्वभर से रोगी उपचार के लिए आ रहे हैं। राजस्थान चिकित्सा और वेलनेस के लिए भी लोकप्रिय है। सीआईआई रीजनल कमेटी ऑन हैल्थ केयर चेयरमैन और पारस हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड प्रबंध निदेशक डॉ. धरमिंदर नागर ने बताया कि भारत में अस्पतालों, लैब्स, बेड्स आदि के मामले में हेल्थ केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद है। डिजिटलाइजेशन, डिजिटाइजेशन और इनोवेशन समय की मांग है। यदि टेक्नोलॉजी और हेल्थ केयर स्टार्टअप का लाभ उठाया जाए तो बेड्स, डॉक्टर आदि संसाधनों की आवश्यकता को कम किया जा सकता है। सीआईआई राजस्थान वरिष्ठ निदेशक नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहे। बाद में 'इनोवेशंस शेपिंग द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर इन इंडिया' और 'रोल ऑफ न्यू पॉलिसी इंटरवेंशन्स इन डिलिवरिंग क्वॉलिटी हेल्थकेयर' पर दो प्लैनरी सेशंस आयोजित हुए।



### ऑटोमेशन से बन सकते हैं CEO



**बेधड़क, जयपुर।** बड़ी कंपनी के सीईओ सेल्स स्ट्रेटजी बनाते हैं, मार्केटिंग करते हैं और फाइनेंस संभालते हैं। उसे राज रखा जाता है और सिर्फ टॉप मैनेजमेंट के 1 प्रतिशत लोगों के पास ही ये नॉलेज होती है। अगर ये सारी बारीकियां व नॉलेज छोटे से छोटे व्यापारी को पहुचाई जाएं तो इंडिया का हर व्यापारी सीईओ बन सकेगा और बड़ी से बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर पाएगा। यह टिप्स लीडरशिप कोच राहुल मालोदिया ने जयपुर में दिए। उन्होंने जयपुर में व्यापारियों के साथ संवाद किया। क्रियात्मक और बुद्धिशीलता सत्रों में विस्तार से विश्लेषण किया कि किस तरह हर व्यवसाय में छोटे-बड़े मुद्दों का सामना किया जाए और किन समाधानों के साथ उन्हें सुधारने के तरीके प्रदान किए जाएं। व्यापार के विजन मिशन और बजट व मंदी पर चर्चा करते हुए बताया कि व्यापार में ऑटोमेशन से ही हर व्यापारी सीईओ बन सकता है।

### श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली



**बेधड़क. जयपुर।** त्रिवेणी नगर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के स्थापना दिवस के पहले दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर समिति सचिव रजनीश अजमेरा ने बताया कि सुबह श्रीजी की शोभा यात्रा कलश यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गों से होती मंदिर पहुंची। जहां ध्वजारोहण मैना देवी छाबड़ा दही वाला परिवार ने किया। नरेश कासलीवाल ने बताया कि शनिवार रात्रि 48 दीपकों से भक्तामर होगा। रविवार को सुबह पार्श्वनाथ बिघ्न हरण विधान होगा। इस अवसर पर महेन्द्र काला, डॉ. विनोद जैन, राकेश छाबड़ा, अशोक पाटोदी, सचिन काला, कैलाश सौगानी, लोकेश जैन, नरेंद्र कुमार सेठी, प्रवीण पांडया, अरिहंत जैन, रतन छाबड़ा, अशोक पापड़ीवाल, महावीर कासलीवाल, पुष्पेन्द्र अजमेरा, सुरेश सेठ, सुभाष काला, अंकुर पाटोदी, एम के जैन, कमल चांदवाड, विमल छाबड़ा, देवेंद्र, जितेंद्र कासलीवाल, सुशील बड़जात्या, सुनील लुहाड़िया, राजेश णमोकार, नितिन, नितेश छाबड़ा, विजय, अजय पांड्या, संतोष सौगानी, मैना देवी पाटनी, बबीता लुहाड़िया, वंदना अजमेरा आदि मौजूद रहे।

### 'समुद्र की एक रानी की कहानी'



**बेधड़क. जयपुर।** रंगकर्मी-साहित्यकार नीरज कुमार सरना ने काल्पनिक कहानी 'द क्वीन ऑफ कोबनाज ओसियन' रची। कहानी समुद्र की एक रानी की है, जो अपने आसपास के जीवों की रक्षा करती है। नीरज ने बताया कि कहानी साहस, मित्रता और क्षमा की शक्ति को प्रमुखता देती है।

## City इवेंट्स

### सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर 21 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके पोस्टर का विमोचन सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से देश–प्रदेश की जनता में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष से. नि. आरएएस एनएल वर्मा ने बताया कि देशभर के 500 वरिष्ठ नागरिकों को 'सद्भावना सम्मान' दिया जाएगा। राजस्थान समग्र सेवा संघ अध्यक्ष सवाई सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं-युवतियों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि सम्मान के लिए वरिष्ठ नागरिग 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं या 9461420808 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रवक्ता प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, सवाई सिंह, दुर्गा वर्मा, कौशल सत्यार्थी मौजूद रहे।

### जयपुर के मंच पर आज थार कहानियां

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स के लिए राजस्थानी फिल्मों का अनूठा कॉन्सेप्ट 'थार कहानियां' आज मंच पर होगा। 150 से ज्यादा कलाकार-तकनीशियंस के साथ निर्माता-निर्देशक एक छत के नीचे आएंगे और राजस्थानी सिनेमा को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। प्रोड्यूसर एनके मित्तल और डायरेक्टर लखविंदर सिंह ने बताया कि थार कहानियां शॉर्ट फिल्मों का एक समूह है, जो शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रस्तुत किया जाएगा। इससे कलाकारों को मंच मिलेगा और अलग अंदाज में इंडस्ट्री को बूस्ट किया जाएगा।

### शिविर में 53 यूनिट रक्तदान



**बेधड़क, जयपुर।** हेरिटेज बाजार सेंट्रल स्पाइन विद्याधर नगर की आठवीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति संयोजक मुकेश जेठवानी ने बताया कि इस अवसर पर 53 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल स्पाइन व्यापार परिषद के संरक्षक महेंद्र गोयल पूर्व पार्षद रिधकरण परसरामपुरिया नरेंद्र चौधरी, अध्यक्ष मुकेश विबाल, विजय बचानी, मोहन, मोनू, प्रदीप अग्रवाल, मुकेश जोशी, कृष्ण गुप्ता, दिलदार सिंह, चित्रा गौतम सहित काफी संख्या में व्यापारिक बंधु मौजूद थे।

### इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'ईकॉन-2023' शुरू

## मिर्गी पर कंट्रोल के लिए इलाज के साथ ही जागरूकता जरूरी




बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हम चांद तक पहुंच गए हैं, लेकिन मिर्गी जैसी बीमारी का इलाज भ्रांतियों के कारण सभी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। राज्यपाल ने यह बात शुक्रवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'ईकॉन-2023' का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की संगोष्ठियों से चिकित्सा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलती हैं।

मिर्गी को लेकर भ्रांतियां बहुत हैं, इसलिए इलाज के साथ जागरूकता फैलाने की भी बहुत जरूरत है। राज्यपाल ने इस दौरान संविधान की प्रस्तावना व मूल कर्तव्यों का वाचन भी किया। उद्घाटन समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. सुधीर भंडारी ने कहा कि 70 प्रतिशत मिर्गी के मरीज नियमित रूप से दवा लेकर इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन हुए विभिन्न तकनीकी सत्रों में देशभर के सीनियर एक्सपर्ट्स ने मिर्गी के इलाज व मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी। ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश विदेश से 600 से अधिक एक्सपर्ट्स भाग ले रहे हैं। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अंजनी कुमार, ट्रेजरार डॉ. सुरेश गुप्ता और डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश, चाइना, हांगकांग, आयरलैंड, कनाडा, श्रीलंका, पाकिस्तान समेत अन्य देशों से विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कोच्चिन के डॉ. केपी विनयन ने बताया कि अगर बच्चे को एक साल की उम्र से पहले मिर्गी का दौरा आता है तो उसके दिमाग का विकास रुक सकता है या धीरे हो सकता है।

### प्रताप नगर में महाअर्चना विधान पूजन महोत्सव शुरू

## सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है सिद्धों की आराधना का सुख



बेधड़क | जयपुर

राजधानी में पहली बार चातुर्मास कर रहे आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में शुक्रवार से टोंक रोड स्थित प्रताप नगर के सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर के अनुष्ठान स्थल पर मज्जाजिनेन्द्र महाअर्चना विधान पूजन शुरू हुआ। मंगल शुरुआत सुबह 5:30 बजे शांतिनाथ के कलशाभिषेक के साथ हुई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्वर्ण, रजत कलशों से अभिषेक किया। सुबह 7 बजे मंदिर से अनुष्ठान स्थल तक बैंड-बाजों और जयकारों के साथ घटयात्रा का आयोजन किया। अपने आशीर्वचन में आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि जो प्राणी सौभाग्यशाली होते हैं उन्हें सिद्धों की आराधना करने का सुख प्राप्त होता है।

प्रचार संयोजक सुनील साखुनियां और मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि आचार्य सौरभ सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में महासौभाग्य मंगल महोत्सव 25 जुलाई तक चलेगा। पंडित संदीप जैन के निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ समाजसेवी अजयकुमार शशि जैन गाजियाबाद वाला के परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया। इसके बाद मंडप प्रतिष्ठा, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकरण किया गया और विनोद शशि जैन तिजारिया परिवार द्वारा मंगल कलश व राकेश संगीता पाटनी मुशर्रफ परिवार द्वारा अखंड दीपक प्रवज्जलित कर दीपक स्थापना की गई। महोत्सव के मुख्य अतिथि मनोज सोगानी, विशिष्ठ अतिथि ताराचंद पाटनी, दीप प्रवज्जलनकर्ता केलाशचंद, रमेश सेठी व आलोक मित्तल और चित्र अनावरणकर्ता चांदमल बाकलीवाल परिवार रहे।

**नाटक मंचन** | कॉमेडी के साथ कला प्रेमियों को कलाकारों ने दिए संदेश

## बेंच की छोटी सी लड़ाई अंतरराष्ट्रीय बहस में बदली

बेधड़क | जयपुर

'पार्क' में तीन लोगों के जगह के लिए लड़ने की कॉमेडी जयपुराइट्स को ऐसी भायी, कि हास्य रस में डूबे नजर आए। कलाकारों ने अभिनय को जीवंत कर कहानी को रोचकता के साथ दर्शाया।



एक 'पार्क' में तीन बेंच हैं, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं है। एक व्यक्ति अपने डॉक्टर का इंतजार करते हुए दो अजनबियों से भाग्यवादी मुलाकात होने के बाद अपनी बेंच को लेकर खुद को एक बहस में हिस्सेदार पाता है। एक खास बेंच पर बैठने के लिए उनके तर्क छोटी सी बात से शुरू होकर इंटरनेशनल बहस तक ले जाते हैं। हल्के-फुल्के मजाक से जो शुरू होता है और स्वामित्व को लेकर गंभीर संघर्ष में बदल जाता है। ये नजारा था रवींद्र मंच पर हुए नाटक 'पार्क' का। रवींद्र मंच तथा कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग की ओर से टैगोर थिएटर के तहत मानव कौल द्वारा लिखित नाटक 'पार्क' मिनी थिएटर में प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन शिवांकर पांडे ने किया। नाटक में विस्थापन और अपमान के आघात को व्यक्त किया गया।

### राजनीति आई सामने

पार्क में बातचीत के समय ज्यादातर गर्म और संघर्षपूर्ण, व्यक्तिगत और बड़ी राजनीति सामने आती है। जगह पर अपना हक जमाने के लिए किरदार उदहारण देते हुए आदिवासियों, नक्सलियों, कश्मीर के मुद्दे के साथ इजराइल और फिलिस्तीन तक बात पहुंच जाती है। विस्थापन का दर्द दर्शाते हुए बताया गया कि कैसे कोई समुदाय एक जगह से हटा दिए जाने पर कितना ही आवाज उठाए, समाज द्वारा अनसुना कर दिया जाता है।

### इन्होंने जीवंत की स्टोरी

नाटक में उदय के रूप में शुभम अग्रवाल दिखे तो मदन के रूप में भव्य पाराशर, इति के रूप में साक्षी खानवानी और नवाज का किरदार निभाया खुद निर्देशक ने। नाटक में संगीत निर्देशन अगम भट्ट और प्रकाश परिकल्पना अनिमेष आचार्य ने की। मैनेजर रविंद्र मंच प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया, कि लोगों में कला व संस्कृति के प्रति रुझान पैदा करने के दृष्टिकोण से नाटक पार्क का मंचन किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 22 जुलाई, 2023





मानवता को मानना नहीं अपनाया जाना चाहिए, तभी बदलाव और न्याय संभव है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रास्ता रोका: इजराइली सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन...



*तेल अवीव। इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार द्वारा न्यायिक प्रणाली में सुधार की कथित योजना के बहाने अदालतों पर नियंत्रण की साजिश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अयालोन राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। यह आंदोलन काफी अरसे से जारी है। हालांकि, यह बिल सरकार ने स्थगित कर दिया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि इसे पूरी तरह रद्द कर दिया जाए।* -पीटीआई

### इधर, सीमा हैदर खुश... उधर, पाक में हिंदुओं पर जुल्म

# तीन हिंदू बहनों का अपहरण कर बनाया मुसलमान, जबरन निकाह

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में तीन हिंदू लड़कियों को किडनैप कर उनको जबरन मुसलमान बनाने और निकाह करने का मामला सामने आया है। ये तीनों बहनें हैं। यह घटना पाकिस्तान के सिंध प्रांत की है।

इस घटना के बाद सिंध समेत पूरे पाक के अल्पसंख्यक समुदाय खौफ में हैं। यह घटना सिंध के धारकी इलाके की है, जहां चांदनी, रोशनी और परमेश कुमारी नाम की तीन बहनों को अगवा किया गया। ये तीनों बहनें हिंदू कारोबारी लीला राम की बेटियां हैं। इन तीनों लड़कियों को अगवा करने के बाद उनका धर्मांतरण करा दिया गया। इन्हें हिंदू से मुसलमान भी किडनैप करने वाले युवकों में से ही एक पीर जावेद अहमद कादरी ने ही बनाया। किडनैपर्स ने ही उसने जबरन निकाह कर लिया। हिंदू संगठनों की ओर से गुहार के बावजूद ऐसी घटनाएं थम नहीं रही हैं।




### सीमा मामले से गुस्से में कट्टरपंथी

सीमा हैदर के भारत आकर खुद को हिंदू बताने और सचिन मीना नाम के लड़के से शादी के दावे से कट्टरपंथियों में गुस्सा देखा जा रहा है। वे लोग सीमा हैदर के जवाब में वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार कर रहे हैं। काची ने कहा कि एक डकैत ने भी पिछले दिनों हिंदुओं को धमकी दी थी कि यदि सीमा हैदर वापस नहीं लौटी तो फिर उनकी खैर नहीं है। काची ने कहा कि कई डकैत हैं, जो लगातार हिंदू समुदाय के लोगों को धमकियां दे रहे हैं। पिछले सप्ताह डकैतों के एक गैंग ने हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर दिया था।

### सुरक्षा में हिंदू पुलिसवाले ही तैनात

सिंध के काश्मोर इलाके में हिंदुओं के घरों पर भी हमला किया गया। काची ने दावा किया कि काश्मोर में मंदिर में हमले के बाद हिंदू पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। काश्मोर के अलावा मीरपुरखास, थारपारकर, घोटकी, सुक्कूर, उमरकोट और संघार में भी हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ी है। पाकिस्तान में हिंदुओं की संख्या बेहद कम 2 फीसदी से भी कम है। पाकिस्तान में हिंदुओं की ज्यादातर अबादी सिंध में ही रहती है।

### पाकिस्तान: रूसी पत्रकार को प्रेस कॉन्फ्रेंस से निकाला

# रूस हुआ आग बबूला

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे थे। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो से मुलाकात की थी। इसके बाद दोनों मंत्रियों की प्रेस कॉन्फ्रेंस से एक रूसी पत्रकार को निकालने को लेकर रूस ने पाकिस्तान से जवाब मांगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेन की ओर से कहने पर पाकिस्तान ने रूसी पत्रकार को प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाहर निकाल दिया था।

पाकिस्तानी पत्रकारों ने पहले ही इस बात की आशंका जताई थी कि यह एक बड़ी कूटनीतिक विफलता है और रूस इस पर जरूर नाराज होगा। यूक्रेन के विदेश मंत्री की यह यात्रा पाकिस्तान के लिए ऐतिहासिक थी। दोनों देशों के 1993 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद यह पहली बार है जब यूक्रेन का कोई विदेश मंत्री पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचा। रूस इस यात्रा से पहले ही नाराज था, लेकिन अंत में पाकिस्तान ने इस नाराजगी को और भी बढ़ा दिया।



### पत्रकार ने कहा कि वह दूतावास को कहेगा

जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले यूक्रेन ने कथित तौर पर पाकिस्तान से कहा था कि इस मौके पर कोई भी रूसी पत्रकार मौजूद न रहे। हालांकि अनजाने में इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक रूसी रिपोर्टर मौजूद था। इसका पता चलने पर पाकिस्तान के अधिकारियों ने उसे परिसर से बाहर निकल जाने को कहा। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बाहर जाते समय रिपोर्टर ने कहा कि वह इस मामले की खबर इस्लामाबाद में मौजूद अपने दूतावास के सामने रखेगा। अब इस मामले में रूसी दूतावास एक्टिव हो गया है।

### मांगा स्पष्टीकरण

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इस्लामाबाद में रूसी दूतावास ने विदेश कार्यालय से स्पष्टीकरण मांगा है और कहा कि यह पत्रकारों के सूचना तक पहुंचने के अधिकार पर प्रतिबंध की तरह है। यह अस्वीकार्य है। पाकिस्तान के पत्रकार यूसुफ ने कहा था कि अगर यह पाकिस्तान करता तो शायद कुछ न होता, लेकिन यूक्रेन के कहने पर करना इस मुद्दे को बढ़ाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि रूस इस यात्रा से नाराज है और इसी कारण इसी हफ्ते बिलावल भुट्टो की ओर से आयोजित डिनर में रूस का कोई प्रतिनिधि नहीं था। जबकि यहां सभी देशों के दूतावास के अधिकारी थे।

### ब्रिटेन: उपचुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को झटका

# दो सीटों पर हार, एक पर ही मिली जीती

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा जो पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन के इस्तीफे से खाली हुई उक्सब्रिज और साउथ रुइस्लिप सीट अपने पास रखने में तो कामयाब रही, लेकिन दो अन्य सीटों पर उसे करारी हार मिली।

इस उपचुनाव को अर्थव्यवस्था संभालने के मामले में सुनक के प्रदर्शन और अगले साल की दूसरी छमाही में प्रस्तावित आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने की उनकी संभावनाओं के रिपोर्ट कार्ड के तौर पर देखा जा रहा था। इसके नतीजे सामने आने के बाद सुनक पिछले 55 साल में एक ही दिन में तीन उपचुनाव हारने वाले पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने से बच गए।

उक्सब्रिज और साउथ रुइस्लिप में हुए उपचुनाव में कंजर्वेटिव प्रत्याशी स्टीव टकवेल ने मामूली अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट कोविड-19 के लॉकडाउन के दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट (पीएम आवास) में पार्टियों के आयोजन को लेकर जांच का सामना कर रहे जॉनसन के पिछले महीने इस्तीफा देने के कारण खाली हुई थी। नतीजों की घोषणा के बाद शुक्रवार को सुबह उक्सब्रिज पहुंचे सुनक ने कहा कि क्षेत्र में जीत दिखाती है कि अगले आम चुनाव को लेकर "कुछ भी तय नहीं है।"

## कुत्ते-बिल्ली के मांस की बिक्री बंद

**टोमोहोन।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के प्राधिकारियों ने क्षेत्र के एक कुख्यात पशु बाजार में कुत्ते-बिल्ली के वध और उनके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की शुक्रवार को घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में इस मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए वर्षों से चल रहे अभियान के बीच यह कदम उठाया। पशु क्रूरता विरोधी संगठन एचएसआई ने कहा कि ऐसा प्रतिबंध लगाने वाला इंडोनेशिया का यह पहला पशु बाजार होगा।

### 9 मई की हिंसा पर पाक की सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# सैन्य अदालत नहीं करे सुनवाई

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि सैन्य अदालत को उच्चतम न्यायालय को सूचित किए बिना नौ मई को हुई सरकार-विरोधी हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा शुरू नहीं करना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने गिरफ्तार नागरिकों के खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमे को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

यह मामला कथित भ्रष्टाचार मामले में खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद उनके समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल 100 से अधिक संदिग्धों के खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमा चलाए जाने से संबंधित है। नौ मई को इस्लामाबाद में पीटीआई के अध्यक्ष खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर में कोर कमांडर के आवास, एयरबेस व फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी।

### नासा ने ऐस्टरॉइड किया था चकनाचूर!

# ब्रह्मांड में तैर रहे उसके बड़े-बड़े पत्थर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

पिछले साल जब अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के एक अंतरिक्ष यान ने टक्कर मारकर एक ऐस्टरॉइड को अपने रास्ते से भटकाया तो दर्जनों पत्थर अंतरिक्ष में बिखर गए। गुरुवार को सामने आईं हबल टेलिस्कोप की तस्वीरों में यह नजारा साफ देखा जा सकता है। नासा के डार्ट स्पेसक्राफ्ट का आकार किसी फ्रिज जितना था। यह पिछले साल सितंबर में पृथ्वी से करीब 11 मिलियन किमी दूर पिरामिड के आकार के एक रग्बी बॉल जैसे ऐस्टरॉइड डिमोर्फोस से टकरा गया था। अब तस्वीरों से पता चलता है कि इस टक्कर से एक मीटर से लेकर सात मीटर तक के 37 पत्थर बाहर निकले जो अब ब्रह्मांड में तैर रहे हैं।



### धरती के लिए खतरनाक नहीं है यह मलबा

खोज से पता चलता है कि पृथ्वी की ओर बढ़ रहे इंसानों के लिए खतरनाक ऐस्टरॉइड्स को मोड़ने वाले संभावित भविष्य के मिशन हमारी दिशा में भी पत्थर फेंक सकते हैं, लेकिन इन चट्टानों से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि मुश्किल से ये कुछ दूर ही जा सकती हैं। हबल ने एक बयान में कहा कि ये पत्थर डिमोर्फोस से लगभग एक किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दूर जा रहे हैं। ये पत्थर इतनी धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं कि यूरोपियन स्पेस एजेंसी का हेरा मिशन भी, जो 2026 के अंत में ऐस्टरॉइड पर पहुंचेगा, इन्हें देखने में सक्षम होगा।

### ऐस्टरॉइड पर 50 मीटर का गड्ढा

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्लैनेटरी साइंटिस्ट और अध्ययन के प्रमुख लेखक डेविड जेविट ने कहा, 'हेरा के पहुंचने पर पत्थरों का मलबा बिखर रहा होगा।' उन्होंने कहा, 'यह बहुत धीरे-धीरे फैलने वाले मधुमक्खियों के झुंड की तरह है। ये पत्थर हमारे सौर मंडल के अंदर अब तक खींची गई सबसे धुंधली चीजों में से हैं। जेविट के अनुसार, पत्थरों के फैलाव से संकेत मिलता है कि डार्ट ने डिमोर्फोस पर लगभग 50 मीटर (160 फीट) चौड़ा गड्ढा किया है जबकि पूरा क्षुद्रग्रह 170 मीटर चौड़ा है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl